नई दिल्ली

शनिवार 17 अक्टूबर 2026

अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 180
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

यूएन के मंच से सऊदी अरब के साथ खड़ा हुआ भारत वैश्विक समुदाय से की तनाव खत्म करने की अपील

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

बीते लगभग 8 महीने से पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के इलाके में चल रही भीषण जंग के बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मंच से पूरी एकजुटता के साथ सऊदी अरब का समर्थन करते हुए कहा है कि मध्य-पूर्व में होता संघर्ष का विस्तार, बढ़ती शत्रुता और बुनियादी नागरिक ढांचों (सऊदी के हवाई अड्डों पर हुए हमले शामिल हैं), व्यापारिक जहाजों, नाविकों पर लगातार होते हमले नई दिल्ली के लिए बेहद चिंताजनक हैं। हम ऐसी किसी भी कार्रवाई की पुरजोर अंदाज में निंदा करते हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी हमारी ये अपील है कि युद्ध के तनावपूर्ण हालात के बीच सभी पक्ष संयम बरतें। यह जानकारी यूएन में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बीते गुरुवार देर रात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में मध्य पूर्व की स्थिति पर आयोजित की गई एक परिचर्चा में दी है।



बोले राजदूत पी.हरीश, मध्य-पूर्व में बढ़ता संघर्ष बड़ी चिंता का मसला, रोके जाएं जहाजों पर हमले

क्षेत्र की शांति में भारत का बड़ा हितः उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में भारत का बहुत बड़ा हित जुड़ा हुआ है। वहां ⏭शेष पेज 5 पर

अमेरिका की आजादी की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे भारत के विदेश मंत्री

मुंबई में 20 को होगी जयशंकर-रुबियो की बैठक दिल्ली के बाहर आयोजन में कुछ भी नया नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की 17 अक्टूबर से शुरू हो रही उज्बेकिस्तान और भारत की आधिकारिक यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि अगले सप्ताह मंगलवार (20 अक्टूबर) को मुंबई में भारत, अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठक होगी। इसके साथ ही भारतीय विदेश मंत्री अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ को लेकर आयोजित किए जाने वाले एक कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यहां बता दें कि रणधीर की यह प्रतिक्रिया राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी गई है। ज्ञात हो कि यह अमेरिकी विदेश मंत्री की दूसरी भारत यात्रा है। इससे पहले वह इसी साल मई महीने में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा कर चुके हैं।

दिल्ली से बाहर आयोजन 'सामान्य प्रक्रिया'



उन्होंने नई दिल्ली से बाहर इस बैठक व समूचे कार्यक्रम को आयोजित करने को लेकर कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है, जब ऐसा कुछ हो रहा है। पिछले लगभग दस वर्षों से ऐसी प्रक्रिया चलती आ रही है। जिसके तहत विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर मेजबानी की जाती है। मिसाल के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेन की प्रधानमंत्री की मेजबानी बरोड़ा में की थी। इसके अलावा उन्होंने जर्मनी के चांसलर और मॉरीशस के प्रधानमंत्री का अतिथि सत्कार क्रमशः अहमदाबाद, वाराणसी ⏭शेष पेज 5 पर

यूएई के विदेश मंत्री करेंगे भारत की यात्रा

मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि 19 से 20 अक्टूबर तक विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर मुंबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान की भारत यात्रा के दौरान मेजबानी करेंगे। दोनों के बीच एक बैठक भी होगी। जो कि एक प्रकार से भारत, यूएई व्यापक सामरिक साझेदारी के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा, व्यापार, निवेश, रक्षा और ⏭शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

सप्तम : मां कालरात्रि



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम।
त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

'रिजीम चेंज' पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने, प्रशांत भूषण के बयान पर बढ़ा विवाद

विदेशी ताकतों के जरिए भारत को 'अस्थिर' कर रहे

नवीनः अराजकता से तख्तापलट की साजिश रच रहा है सारा विपक्ष

खेड़ा की दो टूक- हम मौजूदा रिजीम को बदलकर रहेंगे

चुनाव से सत्ता बदलना लोकतंत्र का हिस्सा,भाजपा राष्ट्रविरोधी बता रही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

सरकार और भाजपा ने रिजीम चेंज के मुद्दे को पकड़ लिया है। इसे विद्रोह व अराजकता से जोड़ दिया है। जबकि, कांग्रेस समेत सारा विपक्ष लोकतांत्रिक तरीके से ही रिजीम चेंज की बात कर रहा है

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच 'रिजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन के बयान पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गई हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण के बयान पर विपक्ष को घेरा, तो कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव के जरिए सत्ता बदलना चाहती है और ऐसा करके रहेगी। नवीन ⏭शेष पेज 5 पर



- 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों के इस्तेमाल से विपक्ष का असली एजेंडा सामने आ गया
- विपक्ष की लड़ाई चुनावी व्यवस्था में सुधार या एसआईआर को लेकर नहीं



- कहा- राहुल गांधी को फटकार वाली झूठी खबर चलाना सुप्रीम कोर्ट का अपमान
- पाकिस्तान को समर्थन वाले बयान को बताया पाकिस्तान के बीच जुगलबंदी का प्रमाण

कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव के जरिए रिजीम (सत्ता) बदलना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन सत्ता खोने के डर से बौखलाई हुई भाजपा इस लोकतांत्रिक विरोध को राष्ट्रविरोधी बता रही है। पार्टी ने कहा कि उसका मकसद 'वोट चोर' सरकार को लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत हराकर मौजूदा रिजीम को बदलना है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया एवं पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि देशभर में युवाओं और आम लोगों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दे रहा है। कांग्रेस के 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान के अलावा जनता भी चुनावी गड़बड़ियों को लेकर लगातार सवाल पूछ रही है, लेकिन जब भाजपा को लोकतंत्र में ⏭शेष पेज 5 पर

संसद के दोनों सदनों को अनिश्चितकाल तक स्थगित हुए 64 दिन बाद भी नोटिफाई नहीं

खड़गे ने चौथी बार पीएम मोदी को लिखा पत्र

- परिसीमन पर नए प्रस्तावों को संसद में लाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग
- कहा- व्यापक संवैधानिक संशोधन पर सभी दलों और हितधारकों को मिले चर्चा का पर्याप्त समय

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दोबारा शुरू करने और परिसीमन से जुड़े नए प्रस्तावों पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि मानसून सत्र के 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद 64 दिन बीत चुके हैं, लेकिन स्थगन को आज तक नोटिफाई नहीं किया गया।लोकसभा और राज्यसभा ⏭शेष पेज 5 पर

हवा में उड़ी टेस्ला की कार,2028 से उत्पादन

नई दिल्ली। टेस्ला ने अपनी नई पीढ़ी की सुपरकार रोडस्टर का प्रोटोटाइप अमेरिका के टेक्सस स्थित स्पेसएक्स रॉकेट परीक्षण केंद्र में पेश किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें कार को हवा में उड़ते दिखाने वाला स्टंट आकर्षण का केंद्र रहा। वीडियो वायरल हो रहा है। इस दो सीटों वाली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार में रॉकेट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। उत्पादन 2028 से करने की तैयारी है।



संघ प्रमुख स्वयंसेवकों से करेंगे 'संवाद'

जबलपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत अपने नियमित प्रवास के अंतर्गत 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक तीन दिवसीय जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। इस प्रवास के दौरान वे संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे तथा स्वयंसेवकों एवं दायित्वान कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन करेंगे।



पंजाब नशे, गैंगस्टरवाद व संगठित अपराध के बढ़ते खतरे से जूझ रहा हैः अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पंजाब में नशे, गैंगस्टरवाद व संगठित अपराध के बढ़ते खतरे पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए भगवंत मान सरकार से राज्य की जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि पंजाब आज नशे, गैंगस्टरवाद व संगठित अपराध के बढ़ते खतरे से जूझ रहा है। पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और नशे के बढ़ते कारोबार के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर पंजाब की जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? आम आदमी पार्टी सरकार को इस सवाल का जवाब देना होगा और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

शाह ने कहा कि पंजाब आज नशे, गैंगस्टरवाद व संगठित अपराध के बढ़ते खतरे से जूझ रहा है। भगवंत मान सरकार के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर पंजाब की जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि दिरबा में एक पिता का दबाव में जहर खा लेना और मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की दिनदहाड़े हत्या ने पंजाब की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परविंदर के पिता ने आप सरकार और उनके विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गृह मंत्रालय भी इन दोनों घटनाओं पर पंजाब सरकार से जवाब माँगेगा। साथ ही, आज ही बाटला में एक और एंटी ड्रग एक्टिविस्ट की हत्या की खबर है। पंजाब में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है, संगठित अपराध का खतरा बढ़ रहा है और नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



- कहा- पंजाब में हमारी सरकार बनने पर हम नशामुक्त, गैंगस्टरमुक्त और सुरक्षित पंजाब बनाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे

शाह ने कहा कि भगवंत मान जी, पंजाब की जनता को प्रचार नहीं, जवाब, घोषणाएँ नहीं, परिणाम, नशे के नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार और अपराधियों को मिलने वाले किसी भी राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जाँच चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं आज पंजाब की जनता के सामने अपना संकल्प दोहराता हूँ कि पंजाब में हमारी सरकार बनने पर हम नशामुक्त, गैंगस्टरमुक्त और सुरक्षित पंजाब बनाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - नशे के कारोबार पर प्रहार, युवाओं के भविष्य की रक्षा, अपराधियों पर कठोर कार्रवाई और कानून का ऐसा राज, जिसमें कोई भी नागरिक भय के साये में जीने को मजबूर न हो।

क्वात्रा बोले- भारत के आंतरिक मामलों को लेकर बनी हुई किसी भी गलतफहमी को बातचीत से दूर करेंगे

एसआईआर पर सवालिया निशान लगाने वाली अमेरिकी सांसद को भारत की दो टूक

लोकतंत्र की निर्वाचन प्रक्रिया में हस्तक्षेप समान अमेरिकी सांसद की अनुचित टिप्पणियांः जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा मतदाता सूचियों को सटीक, पूर्ण और त्रुटिरहित बनाने के लिए की गई एसआईआर की व्यापक प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगाने वाली अमेरिका की भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल को भारत ने दो टूक अंदाज में करारा जवाब दिया है। जिसमें वाशिंगटन डीसी में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने मोर्चा संभालते हुए कहा कि हमारे देश के अंदरूनी मामलों में किसी भी तरह का कोई हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। अगर विषय को लेकर अमेरिकी सांसद को कोई गलतफहमी या असमंजस है। तो उसे दूर करने के लिए हम रचनात्मक संवाद के लिए हमेशा तैयार हैं। बताते चलें कि ये पूरा प्रकरण एक ऐसे समय में सामने आया है। जब कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के अभिजीत दीपके पर भारत में एसआईआर के मुद्दे पर प्रदर्शन करने के लिए अमेरिका से फंडिंग मिलने के कई आरोप सामने आए हैं। ⏭शेष पेज 5 पर



क्वात्रा, प्रतिमा जयपाल और जायसवाल

प्रमिला ने एक्स पोस्ट से जताई नाराजगी

प्रमिला जयपाल अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी से सांसद हैं और उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारत में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समूची प्रक्रिया और मतदाता सूची से कुल करीब 13 करोड़ लोगों का नाम हटाए जाने को लेकर गंभीर चिंता जताई है। साथ ही यह भी कहा कि यह मामला अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा लोकतंत्र और मतदाताओं के मतदान अधिकारों को सीमित करने के लिए अपनाए जा रहे हथकंडों से मेल खाता है। प्रमिला के मुताबिक, मैं उन लोगों के समर्थन में हूं, जो इस मुद्दे के विरोध में भारत में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।



हिरासत से पहले थमाया गया था नोटिस, प्रदर्शन करने पर लगाई गई थी पाबंदी

पुलिस ने तिरंगा मार्च से पहले ही दीपके और नेहा बोरा को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में तिरंगा मार्च में शामिल होने से पहले ही शुक्रवार शाम अभिजीत दीपके और नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया। इसके पहले दिन में पुलिस के 20 से अधिक कर्मचारी अभिजीत दीपके के आवास पर पहुंचे और प्रदर्शन नहीं करने को लेकर नोटिस थमाया। इसके बावजूद भी दीपके मार्च में शामिल होने का प्रयास कर रहे थे। नेहा बोरा को मंडी हाउस इलाके से हिरासत में लिया गया और आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दीपके को नोटिस में कनॉट प्लेस में निषेधाज्ञा लागू होने, इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण बाजार, अस्पताल और अहम सरकारी इमारतें होने के साथ-साथ भगदड़ मचने की आशंका का हवाला दिया गया था। सीजेपी ने शुक्रवार शाम पांच बजे कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में 'लहरा दो तिरंगा' मार्च का आह्वान किया था। हालांकि नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 16 और 17 अक्टूबर के लिए सेंट्रल पार्क सुबह ही बंद कर दिया था। पुलिस और सिविक एजेंसी हर हाल में इस मार्च को निकालने की अनुमति देने के मूड में नहीं थी। उधर आप ने कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में तिरंगा मार्च निकाला। मार्च में सैंकड़ों नेता व कार्यकर्ता शामिल हुये।



'पुलिस के कड़े पहरे ने सीजेपी का तिरंगा मार्च किया फ्लॉप'

सीजेपी का 'लहरा दो तिरंगा' मार्च दिल्ली पुलिस द्वारा फ्लॉप कर दिया गया। नई दिल्ली क्षेत्र में पुलिस का कड़ा पहरा देखने को मिला। छह हजार से अधिक दिल्ली पुलिस कर्मियों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 220 कंपनियों को इलाके में तैनात किया गया था। कानून-व्यवस्था की किसी भी स्थिति को रोकने के लिए कनॉट प्लेस, राजीव चौक, सेंट्रल पार्क, जंतर-मंतर, पालिका बाजार, पास के मेट्रो स्टेशनों और लुटियंस दिल्ली के अन्य संवेदनशील स्थानों को विस्तृत सुरक्षा घेरे में लिया गया था, जिसके लिए अन्य जिलों से भी अतिरिक्त बल जुटाया गया। पुलिस ने कनॉट प्लेस, पटेल चौक, आईटीओ और संसद मार्ग सहित कई बिंदुओं पर बैरिकेड भी लगाए थे। दिन के समय अधिकारियों ने कहा कि उनका ध्यान सार्वजनिक आवाजाही को ठप्प किए बिना इस वाणिज्यिक क्षेत्र के कई प्रवेश और निकास बिंदुओं को सुरक्षित करने पर ज्यादा है।

आप का दावा, लहराया 270 फीट लंबा तिरंगा



नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी का दावा है कि सरकार की तमाम पाबंदियों के बावजूद 270 फीट लंबा तिरंगा लहरा दिया। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि हमारे नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मिलकर 270 फीट लंबा तिरंगा लहरा दिया लेकिन मोदी सरकार की पुलिस हमें रोक नहीं पाई। हमने नॉर्थ एवेन्यू से राष्ट्रपति भवन तक तिरंगे के साथ पैदल मार्च किया। हमारे पुरखों ने अंग्रेजों से आजादी इसलिए ली थी ताकि हम कहीं भी तिरंगा लहरा सकें। भारद्वाज ने कहा कि यह थालियां पिटवाएंगे, दीये जलवाएंगे, लेकिन आम नागरिक शांतिपूर्वक कुछ करे तो उसे गलत ठहराएंगें। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार किसी को तिरंगा फहराने से नहीं रोक सकती है। भारद्वाज ने गुरुवार को सरकार इस मामले को लेकर कोर्ट में भी गई थी कि लोग झंडा नहीं फहराएं , लेकिन कोर्ट ने जवाब दिया कि इसमें हम क्या कर सकते हैं। इसके बाद पुलिस कह रही है कि हम कनॉट प्लेस और सेंट्रल पार्क बंद कर देंगे। ऐसा सिर्फ इसलिए किया गया क्योंकि युवा झंडा फहरा रहे हैं। यह बहुत छोटे दिल और छोटे मन की सरकार है। सरकार घबराई हुई है। कनॉट प्लेस में त्यौहारी सीजन के दौरान व्यापारियों और बिजनेस के नुकसान से जुड़े सवाल पर भारद्वाज ने कहा कि पिछली बार भी सरकार ने ही सारी दुकानें बंद कराई थीं। सरकार को डर है कि जो युवा आते हैं, वे सीपी के रेस्टोरेंट में खाना खाते हैं, जिससे उनकी सेल 5 से 10 गुना तक बढ़ जाती है। सरकार ने ही व्यापारियों के पेट पर लात मारी है। सरकार को इस बात से जलन है कि देश का युवा आ रहा है। सरकार ने ही सारे रेस्टोरेंट बंद कराए हैं। इस मौके पर विधायक संजीव झा, कुलदीप कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

मालवीय नगर होटल अग्निकांड

अदालत ने संपत्ति मालिक की अंतरिम जमानत बढ़ाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग लगने से 23 लोगों की मौत के मामले में गिरफ्तार होटल मालिक की अंतरिम जमानत चिकित्सकीय आधार पर छह सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता, जिन्होंने पहले चार सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी थी, ने लवकेश बजाज की चिकित्सकीय रिपोर्ट और ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं पर विचार करते हुए चिकित्सकीय आधार पर यह राहत दी है।

बजाज (59) की 31 अगस्त को पेट की एक सर्जरी हुई थी और उन्हें 15 सितंबर को ही अस्पताल से छुट्टी दी गई थी, लेकिन अक्टूबर में उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। अदालत ने बृहस्पतिवार को दिए एक आदेश में कहा कि परिस्थितियों, ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं और चिकित्सकीय रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए आवेदक/याचिकाकर्ता को 21 सितंबर 2026 के आदेश द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि इसकी समाप्ति की तारीख से छह सप्ताह के लिए बढ़ाई जाती है।

अदालत ने मामले के जांच अधिकारी को आरोपी द्वारा प्रस्तुत चिकित्सकीय दस्तावेजों को सत्यापित करने का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि यदि कोई भी दस्तावेज फर्जी पाया जाता है या उसकी (आरोपी) स्थिति को गलत तरीके से पेश किया गया पाया जाता है, तो राज्य (अभियोजन पक्ष) अंतरिम जमानत रद्द करने की मांग के लिए आवेदन दायर करने के लिए स्वतंत्र होगा। अदालत ने बजाज को बढ़ी हुई अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने पर कारागार अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया।

सीलमपुर पुलिस ने हत्या का मामला सुलझाया, एक आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले की सीलमपुर पुलिस ने 14 अक्टूबर की रात सामने आये मर्डर केस को सुलझाने का दावा किया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये आरोपी का नाम अल्तमश खान (30) बताया गया। वह न्यू सीलमपुर, के-ब्लॉक का रहने वाला है। पिता अमजद मलिक का देहांत हो चुका है। पुलिस के अनुसार बुधवार रात लगभग 9 बजकर 4 मिनट पर सीलमपुर थाने को जेपीसी अस्पताल से सूचना मिली कि गोली लगने से घायल एक व्यक्ति को अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उसे अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान वसीम (32) के रूप में हुई। वह न्यू सीलमपुर, ई-ब्लॉक झुग्गी में रहता था। गली नंबर 9 में नाले के पास स्थित उसकी बिजली के सामान की मरम्मत शॉप पर गोली लगी थी, जिसके बाद स्थानीय लोग उसे अस्पताल लेकर गए थे। पुलिस टीम ने कई कैमरों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली और अलग-अलग स्रोतों से खुफिया जानकारी जुटाई। लगातार प्रयासों और तकनीकी विश्लेषण के बाद अल्तमश को पकड़ा गया। उस पर पहले भी लूट का मामला दर्ज था। पुलिस को अपराध में शामिल अन्य लोगों के बारे में भी अहम सुराग मिले हैं और उन्हें पकड़ने की कोशिशें जारी हैं।

हत्या की साजिश नाकाम दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की एएटीएस ने गैंग से जुड़ी हत्या की साजिश को नाकाम किया है। इस सिलसिले में दो बदमाशों को दो अवैध पिस्तौल और पांच कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके नाम योगेश और राजेश बताये गये हैं। दोनों नरेला और रोहिणी सेक्टर 20 के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार हाल ही में मुखबिर से पुख्ता जानकारी मिली थी कि टिल्लू ताजपुरिया गैंग का बदमाश योगेश (26) हाल ही में जेल से छूटा है। वह होलंबी रोड (नया बांस) स्थित एक स्कूल के पास अवैध हथियार लेकर आएगा। उसका इरादा विरोधी गैंग के एक बदमाश को निपटाना है, जो हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया था। यह जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा की गई और उनके निर्देशों पर एक विशेष रेडिंग टीम का गठन किया गया। एएटीएस इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा के नेतृत्व वाली टीम ने संदिग्ध पर नजर रखी। उसके भागने के सभी रास्तों को कवर किया गया। मुखबिर से पुष्टि होने के बाद एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की गई। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान राजबीर के बेटे योगेश (26) निवासी नरेला के रूप में हुई। तलाशी में उसके लोअर की दाहिनी



जेब से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई। इसकी मैगजीन में 7.65 एमएम कैलिबर के पांच जिंदा कारतूस थे। आरोपी से लगातार पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि लगभग एक हफ्ते पहले, उसने शाहबाद डेयरी में अपने साथी राजेश को एक और हथियार दिया था। उसने यह भी बताया कि यह हथियार रोहिणी में राजेश के घर पर छिपाकर रखा गया था। इस जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए रोहिणी सेक्टर 20 में छापा मारा गया। रामलाल का 26 वर्षीय बेटा राजेश मौके पर मौजूद मिला। घर की अच्छी तरह तलाशी लेने पर पुलिस टीम को तीसरी मंजिल पर रखे एक लकड़ी के बेड की दराज में छिपाकर रखी गई एक देसी पिस्तौल मिली। इसके बाद राजेश को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद किए गए हथियारों के स्रोत और सप्लाई चेन का पता लगाने, संभावित लक्ष्य की पुष्टि करने, गिरोहों के बीच आपसी रंजिश से जुड़ी परिस्थितियों की जांच करने और अन्य साथियों की संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

करोड़ों रुपए काटने के बाद भी निगम कर्मचारियों को नहीं मिल रही कैशलेस चिकित्सा सुविधा

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम कैशलेस चिकित्सा सुविधा के नाम पर अपने अधिकारियों कर्मचारियों के वेतन से हर महीने 400-1000 रुपए तक काट रही है। लेकिन लगभग एक साल बाद भी निगम अपने अधिकारियों कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा की बेहतरीन सुविधा देने में बुरी तरह विफल साबित हो रहा है। कैशलेस चिकित्सा नहीं मिलने से हजारों अधिकारियों कर्मचारियों में अंदरखाने भारी रोष व्याप्त है। वहीं कैशलैस योजना के तहत जिन अस्पतालों को शामिल किया गया है उनको लेकर भी अधिकारी कर्मचारी संतुष्ट नहीं है।

बेशक मेडिकल की सुविधा तो मिल रही है, लेकिन कैशलेस इलाज नहीं मिल रहा है। इस मुददे पर निगम के सूचना एवं प्रचार निदेशक व प्रवक्ता कर्नल विनोद अत्री ने बताया कि योजना में पुराने अस्पतालों के करीब 215 अस्पतालों से ज्यादा अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। निगम, योजना में नये अस्पतालों को भी समाहित कर रहा है। कर्नल अत्री ने बताया कि कैशलैश स्वास्थ्य उपचार का दायरा बढ़ाया जा रहा है। कर्मचारियों को जल्द ही कैशलैश उपचार की सुविधा



- पैनल से अच्छे अस्पताल हटाने को लेकर भी नाराजगी, कार्ड बनाने की प्रक्रिया ही लटकी अधर में

मिलनी शुरू हो जाएगी। वहीं स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने भी मामले की गंभीरता को लेकर जल्द योजना को शुरू कराने की बात कही है। हास्यास्पद है कि जहां एक साल बाद भी नियमित कर्मचारियों को कैशलेस उपचार देने में नाकाम निगम के बावजूद महापौर प्रवेश वाही ने चंद दिनों पहले नई घोषणा भी कर दी कि अब अनियमित कर्मचारियों को भी कैशलेस उपचार की सुविधा दी जाएगी। वहीं इस मुददे को लेकर एमसीडी स्वच्छता कर्मचारी यूनियन दिल्ली के उपाध्यक्ष नवीन वैद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दो दिन पूर्व महापौर प्रवेश वाही से मुलाकात की। वैध के अनुसार महापौर ने इस समस्या को सुना और उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारी को इस समस्या को जल्द से जल्द गंभीरतापूर्वक हल करने के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के समय महापौर वाही ने माना कि जब अधिकारियों कर्मचारियों के हर माह पैसे काटे जा रहे है तो उन्हें कैशलेस मेडिकल की सुविधा क्यों नहीं दी जा रही। महापौर ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया कि इस मामले पर पूरी गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा। वैध का आरोप है कि पैनल से सभी अच्छे अस्पताल भी हटा दिए गए है।

सनद रहे कि करीब 11 माह बाद भी निगम कैशलेस उपचार सुविधा के लिए अस्पतालों को सूची और एमसीडी के नियमित कर्मचारियों के लिए पोर्टल के माध्यम से आश्रितों के सत्यापन और एमसीडीईएचएस कार्ड के निर्माण की प्रक्रिया में ही फंसा हुआ है। आपको बता दें कि एमसीडी ने दिसंबर, 2025 में कैशलेस उपचार योजना लागू की थी। इस योजना के तहत दिसंबर माह की तनख्वाह को जनवरी, 2026 से काटना शुरू किया था। करीब एक साल होने को है निगम के हजारों कर्मचारियों को कैशलेस उपचार के नाम पर सिर्फ झुनझुना थमाया गया है। योजना के तहत 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार वेतन मैट्रिक्स से संबंधित पे-लेवल 1 से 5 के हजारों कर्मचारियों से 250 रुपये प्रतिमाह, पे-लेवल-6 के कर्मचारियों से 450 रुपये प्रतिमाह, पे-लेवल 7 से 11 स्तर के कर्मचारियों से 650 रूपये प्रतिमाह और पे-लेवल-12 से ऊपर के अधिकारियों से प्रतिमाह एक हजार रुपये उनकी तनख्वाह से काटे जा रहे हैं। कर्मचारियों में इस बार को लेकर रोष ज्यादा है कि एक दो अस्पताल को छोड़ दिया जाए तो अधिकतर अस्पताल लोकल स्तर के हैं। इन अस्पतालों में कर्मचारी इलाज कराने को तैयार नहीं है। जबकि निगम का कहना है कि योजना में समय-समय पर बदलाव होता रहता है जो सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है।

नेहरू प्लेस में कई कार्यालयों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। नेहरू प्लेस इलाके में शुक्रवार को कई कार्यालयों में आग लग गई। दमकल विभाग की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे कालकाजी में स्थित खिदमत रेस्तरां में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों के साथ एक टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर जा कर पता चला कि आग खिदमत रेस्तरां के पास इमारत की दूसरी मंजिल पर कार्यालयों में लगी थी। अधिकारी ने बताया कि मौके पर मौजूद टीम ने सुबह 11:15 बजे दमकल की और गाड़ियों की मांग की, इसके बाद पांच अतिरिक्त गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। सुबह करीब 11:30 बजे तक आग पर काबू पा लिया और बाद में स्थान को ठंडा करने का काम किया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप उर्फ मोनू, पुत्रः हरि चंद, पताः म.नं. 120, गुलाबी चौक, आटा मिल के पास, गांव इस्सापुर, दिल्ली** ने **FIR No. 98/2019, U/s 25/27 A.Act & 506 IPC, पुलिस थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप उर्फ मोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप उर्फ मोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 98/2019, U/s 25/27 A.Act & 506 IPC, पुलिस थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली** के अभियुक्त **संदीप उर्फ मोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–09, दक्षिण–पश्चिम
DP/14457/DW/2026 कमरा नं. 314, द्वारका कोर्ट, दिल्ली

डेल्टन केबल्स लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
सीआईएनः L31300DL1964PLC004255 वेबसाइटः www.deltoncables.com, ई–मेलः secretarial@deltoncables.com फोनः 0129–4523000

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए विशेष विंडो

सेबी के मास्टर परिपत्र संख्या HO/38/13/(4)2026-MIRSD-POD/I/4298/2026 दिनांक 06 फरवरी, 2026 के अनुसरण में तथा कंपनी द्वारा पूर्व में समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों के क्रम में, कंपनी के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व बेची गई अथवा खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं उन्हें अभौतिक रूप में परिवर्तित कराने के लिए 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

यह विशेष विंडो उन अंतरण विलेखों को पुनःप्रस्तुत करने के लिए भी उपलब्ध होगी, जिन्हें मूल रूप से 01 अप्रैल, 2019 से पहले प्रस्तुत किया गया था, किंतु दस्तावेजी अथवा प्रक्रियागत खामियों या अन्य कारणों से अस्वीकार कर दिया गया था, वापस कर दिया गया था अथवा जिन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

इस विशेष अवधि के अंतर्गत संसाधित सभी प्रतिभूतियाँ केवल अभौतिक रूप में ही जारी की जाएँगी। ऐसी प्रतिभूतियों पर हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अनिवार्य अवरोध अवधि लागू होगी। इस अवधि के दौरान, सेबी के लागू विनियमों के अनुसार, ऐसी प्रतिभूतियों का अंतरण नहीं किया जा सकेगा, न ही उन पर ग्रहणाधिकार अंकित किया जा सकेगा अथवा उन्हें गिरवी रखा जा सकेगा।

कृपया ध्यान दें

- हस्तांतरणकर्ता एवं हस्तांतरिती के बीच विवाद से संबंधित मामले इस सुविधा के अंतर्गत पात्र नहीं हैं। ऐसे विवादों का समाधान न्यायालयों/राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) जैसे सक्षम न्यायिक मंचों के माध्यम से किया जाना आवश्यक है।
- निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में पहले ही हस्तांतरित की जा चुकी प्रतिभूतियाँ इस सुविधा के अंतर्गत कार्रवाई हेतु पात्र नहीं हैं।

शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि दस्तावेजों तथा उन्हें प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए कंपनी के रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट (आरटीए), बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लि., से नीचे उल्लिखित संपर्क विवरणों के माध्यम से संपर्क करें।

केवाईसी विवरणों का अद्यतन एवं भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों का अभौतिकीकरण

भौतिक रूप में शेयर शेयरधारकों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे कंपनी की वेबसाइट www.deltoncables.com पर उपलब्ध केवाईसी प्रपत्रों का उपयोग करके अपने केवाईसी विवरण, जिनमें स्थायी खाता संख्या (पैन), डीमैट खाता संख्या, बैंक खाता संख्या, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर तथा नामांकित व्यक्ति का विवरण शामिल हैं, अद्यतन कर लें।

अपने शेयरधारिता खाते (फोलियो) में केवाईसी एवं नामांकन संबंधी विवरण अद्यतन कराने के लिए, कृपया नीचे उल्लिखित विधिवत भरे एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज/विवरण आरटीए को प्रस्तुत करें:

- प्रपत्र आईएसआर–1: विधिवत भरा एवं हस्ताक्षरित, साथ में केवाईसी दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रतियाँ।
- प्रपत्र आईएसआर–2: विधिवत भरा एवं हस्ताक्षरित, साथ में बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर के सत्यापन सहित मूल निरस्त चेक।
- प्रपत्र एसएच–13: नामांकित व्यक्ति जोड़ने के लिए; अथवा प्रपत्र आईएसआर–3: यदि आप नामांकन की सुविधा नहीं लेना चाहते हैं।

शेयरधारकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने भौतिक रूप में धारित शेयरों का अभौतिकीकरण करा लें, क्योंकि भौतिक रूप में धारित शेयरों का अंतरण बंद कर दिया गया है। सहायता के लिए शेयरधारक कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लि., से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं: बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के निकट, नई दिल्ली–110062 ई–मेलः beetalrta@gmail.com अथवा कंपनी से secretarial@deltoncables.com पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड,
हस्ता/–
जितेंद्र कुमार
दिनांकः 16 अक्टूबर, 2026 कंपनी सचिव एवं मुख्य अधिवक्ता
स्थानः फरीदाबाद सदस्यता संख्याः ए30349

निगम ने किया कलाम स्मृति उत्सव का आयोजन

नई दिल्ली। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को उनकी 95वीं जयंती पर याद करते हुए दिल्ली नगर निगम ने करोल बाग क्षेत्र में कलाम स्मृति उत्सव का आयोजन किया। जिसमें पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर एवं शैक्षणिक जैसी गतिविधियों आयोजित की गई।

निगम के अनुसार मध्य क्षेत्र द्वारा उत्सव के अंतर्गत अनेक सामाजिक, पर्यावरणीय, स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य डॉ. कलाम के विचारों एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छता को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देना रहा। जिसमें अजमल खान पार्क करोल बाग में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सड़कों को साफ-सुथरा बनाए रखने पर दिया जोर

उपराज्यपाल ने पुरानी दिल्ली में स्वच्छता व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार सुबह पुरानी दिल्ली के क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुरानी दिल्ली के कई प्रमुख स्थलों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपराज्यपाल ने लाल किले के पास बने ट्रिपल-आर केंद्र, चांदनी चौक के पेडेस्ट्रियन स्ट्रेच, विजय घाट कबूतर दाना स्थल और बेला रोड स्थित एकीकृत ट्रांजिट स्टेशन का दौरा कर सफाई की समीक्षा की।

उन्होंने पुरानी दिल्ली को दिल्ली की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक आत्मा बताते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ठोस कचरा प्रबंधन को मजबूत करने, स्रोत पर ही गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण को प्रभावी ढंग से लागू



करने और सड़कों पर कठोरता से स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण करने के साथ-साथ साफ-सुथरी सड़कें, बेहतर नागरिक सुविधाएं और एक टिकाऊ शहरी वातावरण तैयार करना बेहद जरूरी है। एक स्वच्छ, हरित और अधिक रहने योग्य पुरानी दिल्ली का निर्माण ही विकसित दिल्ली के सपने को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है।

'अपराध की खबर में सनसनी नहीं, संवेदनशीलता जरूरी'

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म की घटनाओं ने एक बार फिर महिला सुरक्षा, प्रशासनिक जवाबदेही और मीडिया की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी मुद्दे पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन के संबंध में गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में वरिष्ठ मीडिया कर्मियों और सरकारी अधिकारियों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि यौन अपराधों से जुड़ी घटनाओं की रिपोर्टिंग किस तरह जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और तथ्यों की पुष्टि के साथ की जाए, ताकि पीड़ितों की गरिमा सुरक्षित रहे और जनता तक सही जानकारी भी पहुंचे। बैठक में सरकार की ओर से मौजूद प्रमुख सचिव (गृह) संतोष डी. वैद्य (आईएएस), सचिव (सूचना एवं प्रचार) विकास आनंद (आईएएस), महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव रश्मि सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया से अपील की कि दुष्कर्म जैसी गंभीर घटनाओं को जल्दबाजी में सनसनीखेज बनाकर प्रसारित न किया जाए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपायों, उपलब्ध सुरक्षा उपकरणों और सहायता तंत्र से संबंधित जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। हालांकि, चर्चा के दौरान मीडिया कर्मियों ने सरकारी सूचना तंत्र की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर अहम सवाल उठाए।

'विद्या वाहिनी योजना' के तहत अब तक 28 हजार साइकिलों का हो चुका है वितरण

मुख्यमंत्री ने कक्षा 9वीं की 1400 छात्राओं को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शालीमार बाग स्थित सीएम श्री स्कूल में कन्या पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली कक्षा 9 की लगभग 1 हजार 400 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं।

इस पहल का उद्देश्य छात्राओं के लिए स्कूल तक पहुंच को आसान बनाना, परिवहन संबंधी कठिनाइयों को कम करना और उन्हें अपनी शिक्षा निरंतर जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री ने कन्याओं का पूजन कर उनके उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और सफलता की कामना भी की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बेटियों को शक्ति, ज्ञान, करुणा और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। कन्या पूजन की वास्तविक भावना तभी सार्थक होती है, जब समाज बेटियों को सम्मान देने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा, सुरक्षा, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने के समान अवसर भी प्रदान करे। बेटियां परिवार का गौरव होने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के भविष्य की आधारशिला भी हैं।

'विपक्षी नेताओं के व्यवहार में झलकता है महिलाओं का अपमान'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छात्राओं को साइकिल बांटने के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष के नेताओं को अपने परिवार की महिलाओं के अलावा किसी और बहन, बेटी, महिला, चाहे वह कार्यकर्ता हो या पत्रकार, से कोई सरोकार नहीं है। उनके व्यवहार में महिलाओं का बार-बार अपमान झलकता है। उन्हें न देश की कदर है और न ही समाज की।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या वाहिनी योजना के अंतर्गत अब तक दिल्ली में 28 हजार साइकिलों का वितरण किया जा चुका है।

सरकार का लक्ष्य कुल डेढ़ लाख साइकिलें वितरित करने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिभावकों को बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए और उनकी नियमित स्कूल उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए। वहीं, शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अच्छे संस्कार विकसित करना भी है। बेटियों का सशक्तीकरण केवल सरकार या विद्यालयों की जिम्मेदारी नहीं है। परिवार और समाज के हर सदस्य को यह सुनिश्चित करने के लिए योगदान देना चाहिए कि कोई बेटी शिक्षा से वंचित न रहे।

सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सूद ने 445 करोड़ की राशि की दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सफाई कर्मचारियों के वेतन, दैनिक संचालन और आधुनिक सफाई मशीनों की खरीद के लिए एमसीडी को जारी होगी राशि

दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए 445 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वित्तीय सहायता की दूसरी किस्त के रूप में जारी की जाएगी। यह अनुदान 'कंजरवेंसी एवं स्वच्छता सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और मशीनीकरण' योजना के अंतर्गत जारी किया जाएगा।

इसका उद्देश्य दिल्ली में स्वच्छता अभियानों को और प्रभावी बनाना, कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा आधुनिक मशीनों के माध्यम से सफाई सेवाओं का आधुनिकीकरण करना है। मंजूर की गई राशि में 188.36 करोड़ रुपए का उपयोग स्वच्छता कर्मचारियों के वेतन एवं पारिश्रमिक के भुगतान के लिए किया जाएगा। वहीं 207.81 करोड़ रुपए नियमित सफाई कार्यों, कचरा संग्रहण तथा स्वच्छता सेवाओं के सुचारु संचालन और रखरखाव पर खर्च किया जाएगा। वहीं 48.91 करोड़ रुपए का उपयोग सफाई कार्यों के मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक मशीनों, उपकरणों और अन्य आवश्यक परिसंपत्तियों की खरीद पर किया जाएगा। मंत्री आशीष सूद ने कहा कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल स्वच्छता सेवाओं को मजबूत बनाने और दिल्ली की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए ही किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धनराशि के उचित उपयोग तथा सफाई कार्यों में इसकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सूद ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर दिल्ली हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सफाई कर्मचारियों के वेतन के लिए समय पर धनराशि उपलब्ध कराने और आधुनिक मशीनों की खरीद को बढ़ावा देने से स्वच्छता सेवाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित होगा। हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली में सफाई व्यवस्था मजबूत हो, कचरा प्रबंधन अधिक प्रभावी बने और नागरिकों को बेहतर स्वच्छ वातावरण मिले।

खबर संक्षेप

'घर-घर जाकर पृथक्करण के बारे में किया जागरूक, बांटे डस्टबिन'

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने शुक्रवार को उत्तर पश्चिम क्षेत्र के प्रशांत विहार में घर घर जाकर लोगों को कूड़े के पृथक्करण (अलग अलग) करने के बारे में जागरूक किया और कूड़े के अनुसार रंगीन डस्टबिन बांटे। इस मौके पर महापौर वाही ने कहा कि हम हर घर जाकर लोगों को कूड़े के पृथक्करण के बारे में विस्तार से जागरूक करेंगे, ताकि गीला सूखा मिक्स कूड़ा लैंडफिल पर न जाए। उन्होंने घर के कूड़े को पृथक करने वाले नागरिकों की सराहना की और कहा कि अगर प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे तो दिल्ली बहुत जल्द ही साफ, स्वच्छ एवं सुन्दर हो जाएगी।

निगम ने किया विद्यालयों में प्रिंटर वितरण शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने अपने सभी 1,500 विद्यालयों में प्रिंटर वितरण का कार्य शुरू कर दिया है। जबकि टैगोर गार्डन में रोबोटिक्स लैब और साइंस ऑन व्हील से आधुनिक शिक्षा का विस्तार तेज किया गया। इस बारे में निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा एडवोकेट ने कहा कि निगम विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना हमारा संकल्प है, जिस पर आगे बढ़ रहे है। निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक और बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ देने के लिए लगातार प्रयास जारी है। हम चाहते हैं कि निगम विद्यालयों के विद्यार्थी भी डिजिटल शिक्षा, रोबोटिक्स, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ें तथा भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करें।

युवा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के बनेंगे निर्माता : विजेंद्र

नई दिल्ली। विविधताओं में एकता और साझा राष्ट्रीय उद्देश्य से प्रेरित युवा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के निर्माता बनेंगे। यह बात शुक्रवार का दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने माई भारत कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली विधानसभा का भ्रमण करने आए छह राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 170 विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान कही। इस संवाद के माध्यम से गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और अरुणाचल प्रदेश से आए विद्यार्थियों को विधायी संस्थाओं की कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं को समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक अंकित कुमार गौर तथा सहायक निदेशक सोनी भी उपस्थित थे। राष्ट्र निर्माण में जागरूक एवं जिम्मेदार युवा सहभागिता के महत्व पर बल देते हुए गुप्ता ने विद्यार्थियों को भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गहरी समझ विकसित करने और देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सुदृढ़ बनाने में अपनी भूमिका को पहचानने के लिए प्रेरित किया।शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक परिसर का निर्देशित भ्रमण किया।

'केशोपुर, नरेला, आजादपुर में बुनियादी ढांचे को किया जाएगा मजबूत'

मुख्यमंत्री ने चार प्रमुख विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मंडियों में ऐसा बुनियादी ढांचा मजबूत किया जाएगा जो अगले 100 वर्षों तक की जरूरत को पूरा कर सकेगी। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आजादपुर स्थित एपीएमसी कार्यालय से दिल्ली की विभिन्न कृषि मंडियों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने वाली चार विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने के अवसर पर कही। इन परियोजनाओं का उद्देश्य मंडियों में सड़क, जल निकासी, भंडारण और तकनीक आधारित प्रबंधन की सुविधाओं को बेहतर बनाना है ताकि किसानों, व्यापारियों और मंडी में आने वाले लोगों को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि मंडियां किसानों की मेहनत और उनकी उपज को बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मंडियों में बेहतर बुनियादी सुविधाएं होने से कृषि उत्पादों की आवाजाही, रखरखाव और सुरक्षा अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जा सकती है। दिल्ली सरकार का प्रयास है कि मंडियों के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाकर किसानों, व्यापारियों और मंडी उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर



सांसद योगेन्द्र चंदोलिया, कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड के उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, विधायक राजकुमार भाटिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केशोपुर फल एवं सब्जी मंडी में 9.48 करोड़ रुपये की लागत से 20 वर्ष से अधिक पुरानी आंतरिक सड़कों का निर्माण कर वाहनों, व्यापारियों और कृषि उत्पादों की आवाजाही सुगम बनाई जाएगी। नरेला की लगभग 33 एकड़ में फैली नई अनाज मंडी में दो अस्थायी शेड बनाए जाएंगे, जिससे किसानों और व्यापारियों को अनाज रखने के लिए ढकी जगह मिलेगी और बारिश व खराब मौसम में नुकसान का जोखिम कम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादपुर नई सब्जी मंडी के बी और सी ब्लॉक में करीब 30 वर्ष पुरानी सीवर और ड्रेनेज लाइनों से जुड़ी समस्याओं को दूर किया जाएगा। लाइनों के धंसने, टूटने, अवरुद्ध होने और पानी के रिसाव की समस्याओं में सुधार से जलभराव कम करने, स्वच्छता बनाए रखने और मंडी का संचालन बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, आजादपुर फल एवं सब्जी मंडी के प्रवेश और निकास द्वार पर 'स्लो स्पीड वे इन मोशन' प्रणाली लगाई जाएगी।

हेपेटाइटिस-बी की टेस्टिंग व्यवस्था को किया जाएगा मजबूत : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार 'राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम' (एनटीईपी) के तहत उपलब्ध मॉलिक्यूलर टेस्टिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करके हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी की जांच और प्रबंधन को और अधिक मजबूत बनाएगी। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ.पंकज कुमार सिंह ने कही। डॉ. पंकज ने कहा कि हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी के लिए पॉजिटिव पाए जाने वाले मरीजों का वायरल लोड टेस्ट करने के लिए एनटीईपी के अंतर्गत मौजूद 'टूनेट' मॉलिक्यूलर टेस्टिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा।

इस व्यापक स्क्रीनिंग योजना में पोर्टेबल एक्स-रे सुविधाओं का उपयोग भी शामिल है। इसमें महिलाओं, खासकर गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य संबंधी ऐसी स्थितियों की समय रहते पहचान की जा सके, जिनके लिए आगे और जांच की आवश्यकता होती है। दिल्ली में एनटीईपी के तहत वर्तमान में पहले से ही 85 टूनेट प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं। डॉ. पंकज ने कहा कि विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत उपलब्ध संसाधनों को एकीकृत करके हम अपने मौजूदा स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का प्रभावी उपयोग कर सकते हैं और आवश्यक जांच सेवाओं तक पहुंच को नागरिकों की पहुंच को और अधिक मजबूत कर सकते हैं। हमारा जोर इस बात पर है कि उपलब्ध जांच सुविधाओं का कुशलतापूर्वक उपयोग हो और साथ ही समय पर जांच और उचित चिकित्सा हस्तक्षेप की संभावनाएं बेहतर हो सके।

'लोगों से अपील, दशहरा पर बिजली उपकरणों से दूर जलाए पुतले'

नई दिल्ली। आगामी दशहरा पर्व के चलते बिजली कंपनियों ने आम लोगों सहित दशहरा मेला व रामलीला आयोजको से विनम्र अपील करते हुए बिजली उपकरणों से दूर पुतले जाने का आग्रह किया है। पुतले निजी बिजली कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने अपील करते हुए कहा है कि सभी रामलीला समितियों से विनम्र अपील है कि जनहित में दशहरा का उत्सव मनाते हुए खास सावधानी जरूर बरते। इनमें सबसे अहम सावधानी है कि इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन और ओवरहेड पावर लाइनों के पास रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ या अन्य तरीके के पुतलों को नहीं जलाएं। क्योंकि इन पुतलों के जलने की वजह से बिजली उपकरणों में आग लगने जैसी घटनाओं की संभावना बहुत अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित होने और आवश्यक सेवाओं के रुकने जैसे गंभीर खतरे पैदा होते है। कंपनी ने जागरूकता के तहत लोगों से आग्रह किया है कि इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन और ऊपर से गई बिजली लाइनों के पास पुतले न जलाएं, ताकि करंट लगने के खतरे से बचा जा सके।



पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ दर्ज हो एफआईआर

त्यौहारों पर सफाई व रोशनी व्यवस्था रहे दुरुस्त, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



त्यौहारों के इस दौर में राजधानी के किसी भी सार्वजनिक स्थल पर गंदगी, कूड़े के ढेर, अव्यवस्था या अंधेरा नजर नहीं आना चाहिए। रोशनी व्यवस्था दुरुस्त रहे। इस काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों के दौरान दिल्ली को साफ-सुथरा, रोशन और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए अधिकारी पूरी गंभीरता और तत्परता से काम करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों के इस दौर में राजधानी के किसी भी सार्वजनिक स्थल पर गंदगी, कूड़े के ढेर, अव्यवस्था या अंधेरा नजर नहीं आना चाहिए। सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के प्रमुखों को स्वयं फील्ड में उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा लें, कमियों को तत्काल दूर करें। काम में कर्मचारियों की कमी आड़े नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस कार्य के लिए स्टाफ की कमी है तो उसे तुरंत भरा जाए। बैठक में दिल्ली सरकार के कई विभागों व अन्य निकायों के प्रमुख उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल बैठकों और रिपोर्टों तक सीमित रहने के बजाय अधिकारियों को जमीन पर उतरकर काम करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों, चौराहों, फ्लाईओवरों, बाजारों, रिहायशी इलाकों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। जहां भी कूड़ा, निर्माण मलबा या गंदगी जमा है, उसे तत्काल हटाया जाए। सड़कों पर धूल की समस्या दूर करने के साथ रोजाना सफाई अभियान चलाया जाए, ताकि त्योहारों के दौरान लोगों को स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सार्वजनिक संपत्तियों पर अनधिकृत पोस्टर और बैनर लगाने की समस्या पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि सड़कों, चौराहों, फ्लाईओवरों, पिलरों, सरकारी भवनों और बाजारों में लगे पोस्टरों को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि राजधानी की सुंदरता और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बाउंसर के साथ 3 साल का अफेयर पड़ा शादी पर भारी

3 बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ मिलकर काटा पति का गला

- दो दिन पहले ही बच्चों के साथ गांव से आई थी पत्नी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को मौत के घाट उतार दिया। दोनों ने सोते हुए युवक की गर्दन पर चाकू से वार किए। पुलिस ने जांच के दौरान महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि महिला का बाउंसर के साथ तीन साल से अफेयर चल रहा था। महिला के पति को इस संबंध के बारे में पता चल गया था। इसके बाद महिला ने पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 15 अक्टूबर को पति शराब के नशे में सो गया। इसके बाद महिला ने अपने प्रेमी को बुलाया और दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

मृतक की पहचान हाथरस जिले के कुंवरपुर गांव निवासी गोपाल (37) के रूप में हुई है। गोपाल डीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था। वह श्याम कॉलोनी पार्ट-1 में किराए के मकान में अकेला रहता था, जबकि उसकी पत्नी काजल अपने तीन बच्चों के साथ गांव में रहती थी। पुलिस के मुताबिक, दो दिन पहले काजल अपनी बेटी शालिनी और दो बेटों को लेकर गोपाल के पास आई थी। काजल पिछले करीब तीन साल से कुंवरपुर गांव के रहने वाले योगेंद्र के संपर्क में थी। योगेंद्र बाउंसर है और साथ में पहलवानी करता है। गुरुवार शाम को गोपाल की पत्नी काजल और तीनों बच्चे मकान में मौजूद थे। बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। तब पत्नी ने इस वारदात को प्रेमी के साथ मिलकर अंजाम दिया। बेटी की सूचना परिजन फरीदाबाद पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गोपाल की पत्नी काजल से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में काजल ने प्रेमी योगेंद्र के साथ मिलकर पति की हत्या करने की बात स्वीकार की।

बाथरूम में बंधा मिला टीचर की पत्नी का शव

गुरुग्राम। गुरुग्राम जिले के दौलाह गांव में शुक्रवार को 35 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई। उसके हाथ बंधे हुए थे और चेहरे पर टेप चिपकी थी। घर का सामान भी बिखरा मिला। प्रारंभिक तौर पर घटना को चोरी से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। मृतका की पहचान नीतू (35) के रूप में हुई है। उसका पति प्रशांत एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे प्रशांत बच्चों को लेकर घर लौटा तो सामान बिखरा मिला। अनहोनी की आशंका पर उसने तलाश की तो पत्नी बाथरूम में अचेत अवस्था में पड़ी मिली। उसके हाथ बंधे हुए थे और चेहरे पर टेप चिपकी थी।

लिंक भेजकर मोबाइल फोन हैक कर बैंक खाते से निकाले 56000 रुपये

फरीदाबाद। साइबर अपराधियों द्वारा मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर लोगों के बैंक खातों से रकम निकालने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना एनआईटी टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान आदित्य त्रिवेदी निवासी देवरिया हाल शिवाय कॉलोनी फरीदाबाद, साजन कुमार निवासी भागलपुर बिहार हाल गंगानगर लुधियाना पंजाब, प्रवेश कुमार और पियुष निवासी मदनपुर खादर दिल्ली हाल हरिनगर जैतपुर दिल्ली के रूप में हुई है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लक्ष्मीडेरा ग्रीन वैली फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि 28 सितंबर 2026 को उसके मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक लिंक भेजा था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। उसी दिन शाम को जब उसने अपने बैंक खाते का बैलेंस चेक किया तो खाते से 56000 रुपये निकाले जाने का पता चला। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

नूंह जिला कांग्रेस कार्यालय में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को लेकर बैठक आयोजित


विरोध मार्च एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और ब्लॉक स्तर पर पहुंचकर लोगों को जागरूक करेंगे तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करेंगे।

नूँह। जिला कांग्रेस कार्यालय, नूंह में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' विरोध मार्च एवं जन - जागरूकता अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व यूथ प्रदेश अध्यक्ष श्री सचिन कुंडू जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी नूंह के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी शहीदा खान जी ने की।बैठक का मुख्य उद्देश्य हरियाणा में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत आम जनता को जागरूक करना तथा लोकतंत्र और मतदान के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रत्येक ब्लॉक में

तीन राज्यों में 70 आपराधिक मामलों में शाहिद उर्फ अडवाणी का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

राज्यों का रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

नूंह पुलिस द्वारा हरियाणा, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश में दर्ज मामलों का सत्यापन किया जा रहा है । प्रत्येक मामले की वर्तमान कानूनी स्थिति, न्यायालयीन कार्यवाही और संबंधित अभिलेखों की जांच की जाएगी, ताकि आपराधिक इतिहास, उसके सह आरोपियों का सटीक एवं समेकित विवरण तैयार किया जा सके।

अपराध की दुनिया में बार-बार कानून के शिकंजे में आने वाले अपराधियों का पूरा रिकॉर्ड खंगालना नूंह पुलिस की प्राथमिकता है । इसी क्रम में शाहिद उर्फ अडवाणी पुत्र जुम्मा, निवासी गांव खरखड़ी, थाना सदर तावडू के विरुद्ध हरियाणा, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश में दर्ज आपराधिक मामलों का विस्तृत रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है । पुलिस के उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, तीन राज्यों में उसके विरुद्ध कुल 70 आपराधिक संगीन अपराधों का लंबा रिकॉर्डउपलब्ध पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उसके विरुद्ध हत्या का 1, बलात्कार का 1, अपहरण का 1, हत्या के प्रयास के 8, डकैती के 9, डकैती के प्रयास का 1, चोरी के 14 तथा सेंधमारी के 14 मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन अधिनियम ,गैंगस्टर एक्ट , आर्म्स एक्ट , फिरौती , सरकारी कर्मचारी को चोट पहुंचाना , हिरासत से फरार होना, चोट पहुंचाना तथा प्रिजन एक्ट के तहत मामलों की प्रविष्टियां भी उपलब्ध रिकॉर्ड में हैं।पुलिस रिकॉर्ड में उसके संबंध में घोषित अपराधी की प्रविष्टियां भी दर्ज हैं ।

60 सीसीटीवी फुटेज की मदद से यूपी पहुंची नूंह पुलिस

चार दिन बाद अपहृत दो वर्षीय प्रिंस सकुशल बरामद, दंपति गिरफ्तार



नूंह। जिले की सदर थाना तावडू पुलिस ने दो वर्षीय मासूम प्रिंस के अपहरण के मामलें में बड़ी सफलता हासिल करते हुए बच्चे को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामलें में आरोपी बब्लू सिंह और उसकी पत्नी राजकुमारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी दंपती ने संतान न होने के कारण बच्चे के अपहरण की योजना बनाई थी। इस मामलें में करीब सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से पुलिस आरोपियों तक पहुंची।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पीड़ति अमित कुमार बैरवा निवासी अम्बेडकर नगर रंगाला जिला नूंह ने बताया कि 9 अक्टूबर को शाम करीब पांच बजे उसका दो वर्षीय बेटा प्रिंस अचानक लापता हो गया । आरोप था कि उनकी ही इमारत में कुछ दिन पहले किराए पर रहने आए एक युवक ने बच्चे को बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाया और वहां से ले गया। संबंधित युवक से पहचान पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे गए थे, लेकिन उसने दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची गई, जिसमें एक युवक बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल पर बच्चे को बैठाकर ले जाता दिखाई दिया।

डंपिंग यार्ड विरोध प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों की झड़प

फरीदाबाद में टेंट उखाड़ा, भाजपा पार्षद समेत कई लोगों को किया डिटेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद


पुलिस बल तैनात किया गया।स्थानीय लोग नगर निगम की ओर से अरावली क्षेत्र में कचरा डाले जाने का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में लगातार कचरा डालने से प्राकृतिक वातावरण खराब हो रहा है। कचरे से उठने वाली दुर्गन्ध ने आसपास की

फरीदाबाद के अरावली में कचरा डाले जाने का विरोध कर रहे रहे भांखरी और सैनिक कॉलोनी के लोगों को शुक्रवार को पुलिस की कार्रवाई का सामना करना पड़ा। तीन दिन से धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने जबरन हटा दिया। भाजपा पार्षद समेत कई लोगों को बसों में बैठाकर थाने ले जाया गया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की और झड़प भी हुई। पुलिस ने धरनास्थल पर लगाया गया टेंट भी उखाड़ दिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। लोगों ने गंदगी के कारण बीमारियां फैलने की आशंका भी जताई।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बंधवाड़ी में कचरा डालने पर रोक के बाद अब दूसरे स्थानों पर कूड़ा पहुंचाया जा रहा है। इससे अरावली क्षेत्र में भी कचरे के ढेर बढने का खतरा है। कचरे से निकलने वाला दूषित पानी जमीन में जाने पर भूजल को नुकसान पहुंचा सकता है। साथ ही, इससे वन्यजीवों और पक्षियों के जीवन पर भी प्रतिकूल असर पडने की आशंका है।धरने पर बैठे लोगों ने दो दिन पहले भी कचरे से भरे ट्रकों का विरोध किया था।

डंपिंग यार्ड विवाद में पुलिस की कार्रवाई

फरीदाबाद में रोजाना करीब 1200 टन कचरा निकलता है। बंधवाड़ी में कचरा डालने पर रोक के बाद नगर निगम के सामने इसके निस्तारण की समस्या गंभीर हो गई है। प्रतापगढ़ और नचौली के कचरा निस्तारण केंद्रों पर भी पहले से कचरे के ढेर लगे हुए हैं। प्रतापगढ़ में स्थानीय विरोध के बाद कचरा डालने की मात्रा सीमित होने की बात सामने आई है।एसीपी बोले. शांति भंग करने पर डिटेन कियाइस मौके पर मौजूद फरीदाबाद पुलिस एसीपी प्रियांशु दीवार ने बताया कि नगर निगम की तरफ से सूचना प्राप्त हुई थी कि यहां पर कुछ लोग कूड़ा नही डालने दे रहे है।

अध्यंतरा में पारंपरिक भारतीय कारीगरी के साथ आधुनिकता का संगम

गुरुग्राम। सितारों की चमक, चांद की खूबसूरती और ब्रह्मांड के रहस्यों से प्रेरित आभूषणों की नई दुनिया अब तनिष्क के 'अध्यंतरा' कलेक्शन में नजर आएगी। धनतेरस के अवसर को ध्यान में रखकर पेश किए गए इस कलेक्शन में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी भी विशेष कैंपेन के जरिए नजर आ रही हैं। कलेक्शन में आधुनिक भारतीय महिला के आत्मविश्वास, विविध व्यक्तित्व और अपनी अलग पहचान को आभूषणों के डिजाइन के माध्यम से दर्शाने की कोशिश की गई है।तनिष्क की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पेल्की त्शेरिंग ने कहा कि 'अध्यंतरा' के जरिए ब्रह्मांड की खूबसूरती को आधुनिक आभूषणों में उतारने का प्रयास किया गया है।

फोन हैक कर बैंक खाते से निकाले 56000 रुपये

फरीदाबाद। साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भीकम कॉलोनी बल्लभगढ़ निवासी ने थाना साइबर क्राइम बल्लभगढ़ में दी शिकायत में बताया कि 30 सितंबर 2026 को उनके व्हाट्सऐप नंबर पर एक संदेश के माध्यम से संपर्क किया गया। संपर्क करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को डलदजतं की ओर से बताया और कुछ उत्पादों को लाइक करके उनके स्क्रीनशॉट भेजने के लिए कहा।

बाइक का लॉक तोड़कर स्प्लेंडर लेकर फरार

फरीदाबाद। पर्वतीय कॉलोनी में वाहन चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। यहां घर के बाहर खड़ी एक स्प्लेंडर बाइक को 2 युवक चोरी कर ले गए। दोनों आरोपी एक बाइक पर सवार होकर आए थे। इनमें से एक आरोपी बाहर खड़ी बाइक का लॉक केवल 5 सेकंड में तोडक़र उसे लेकर फरार हो गया, जबकि दूसरा अपनी बाइक पर ही रहा। चोरी की यह पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह बाइक गायब मिलने पर पीड़ित को चोरी का पता चला।

युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ा रही केंद्र सरकार: कृष्णपाल गुर्जर



- सेवा संकल्प अभियान के तहत रोजगार मेले में 1500 से अधिक युवाओं ने लिया भाग, 75 उद्योगों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में 600 युवाओं को मिले ऑफर लेटर

फरीदाबाद। भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के युवाओं में अपार प्रतिभा, ऊर्जा और क्षमता है। युवाओं को उनकी योग्यता और हुनर के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराना विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को केवल रोजगार तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनाना भी है।सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत आईटीआई सेक्टर 18 में रोजगार मेले का आयोजन किया। जिसमें भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल भी मौजूद रहे।केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को उद्योगों से जोडने और उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस रोजगार मेले में 1500 से अधिक युवाओं ने भाग लिया तथा 75 उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न कंपनियों की ओर से 600 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। उन्होंने ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले सभी युवाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज के बदलते दौर में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि तकनीकी ज्ञान, व्यावहारिक अनुभव, संवाद कौशल, अनुशासन और समय प्रबंधन भी जरूरी हैं। एआई, डिजिटल सेवाओं और आधुनिक उद्योगों के विस्तार के साथ युवाओं को निरंतर सीखते हुए समय की मांग के अनुरूप अपने कौशल विकसित करने चाहिए।

निगम आयुक्त के साथ वार्ता में सफाई कर्मियों की दर्जनों मांगों पर बनी सहमति



फरीदाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक आज निगम आयुक्त यशेंद्र के साथ हुई। बैठक में कर्मचारियों के वेतन, बीमा, चिकित्सा सुविधा तथा कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाओं सहित दर्जनों मांगों पर सहमति बनी।वार्ता के बाद सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने बताया कि नगर निगम के तीनों जोनों में शिविर लगाकर पालिका रोल एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के एसबीआई बैंक में खाते खुलवाए जाएंगे। संबंधित दुर्घटना बीमा सुविधा के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 50 लाख तथा विकलांगता की निर्धारित श्रेणी में 25 लाख की आर्थिक सहायता मिलेगी। अंग-भंग की स्थिति में भी बीमा की शर्तों के अनुसार सहायता दी जाएगी।उन्होंने बताया कि ठेका कर्मचारियों को 15220 वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने तथा उन्हें तेल.साबुन उपलब्ध करवाने पर सहमति बनी है। हड़ताल के दौरान ठेकेदारों द्वारा नौकरी से हटाए गए सभी कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर लिया जाएगा। ठेका कर्मचारियों को भी नियमित एवं पालिका रोल कर्मचारियों की भांति हड़ताल अवधि का वेतन दिया जाएगा। निगम आयुक्त ने ठेका कर्मचारियों के मासिक वेतन भुगतान के लिए प्रत्येक माह की 7 तारीख निर्धारित की है।नियमितए पालिका रोल एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का छह महीने से लंबित तेल, साबुन भी जल्द उपलब्ध करवाया जाएगा। ईएसआईसी की सुविधा से वंचित कर्मचारियों को चिरायु योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष पांच लाख तक के इलाज का लाभ दिलाने पर सहमति बनी है। इसके लिए प्रति कर्मचारी 9293 की वार्षिक प्रीमियम राशि नगर निगम वहन करेगा। नियमित कर्मचारियों, पेंशनर्स एवं पात्र आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के लिए कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

श्री महाबीर दल दशहरा कमेटी, लैय्या बिरादरी और पंजाबी समाज का 77वां दशहरा उत्सव 18 से आरंभ

फरीदाबाद। श्री महाबीर दल दशहरा कमेटी, लैय्या बिरादरी व पंजाबी समाज द्वारा ओल्ड फरीदाबाद शहर का सबसे प्राचीन 77 वें दशहरा उत्सव की तैयारी जोरों से चल रही है। इस बार भी सैक्टर-16 ए के दशहरा मैदान में 65 फुट के रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले बनाए जा रहे है। जिनका दहन दशहरा पर्व 20 अक्टूबर को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव रहे वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़, मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज सिंगला करेगें। तैयारियों की जानकारी देते हुए लैय्या बिरादरी एवं दशहरा कमेटी के प्रधान धर्म बरेजा, महासचिव राज मिगलानी व पंजाबी सभा के प्रधान संजीव सलूजा, पंजाबी सभा के उपप्रधान यश बब्बर व महेन्द्र वर्मा पप्पू, पार्षद पति करण सिंगला व सरपरस्त ओमप्रकाश नारंग, लोकनाथ मिगलानी ने बताया कि 77वां शानदार दशहरा उत्सव हर वर्ष की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा।

गर्ग ग्लेडियर्स एपीएल टीम की पुलिस आयुक्त से भेंट

फरीदाबाद। एपीएल की विजेता टीम गर्ग ग्लेडियर्स के खिलाड़ियों ने आज पुलिस आयुक्त कार्यालय फरीदाबाद में पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री गुप्ता जी ने टीम के सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्हें भविष्य में भी खेलों के प्रति समर्पित एवं जागरूक रहने का संदेश दिया।इस अवसर पर गर्ग ग्लेडियर्स के प्रबंधक एवं प्रसिद्ध उद्योगपति अनुराग गर्ग, कवि दिनेश रघुवंशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मंथन | जलवायु सत्र में ईवी नीति पर उठे सवाल, कई अन्य मुद्दों पर की चर्चा

गिग वर्कर्स को राहत और फुटपाथों की सुरक्षा पर जोर

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम


गुरुग्राम। जलवायु सत्र में शामिल विशेषज्ञ।

जलवायु सत्र के दौरान दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीति में कम गति वाले वाहनों को जगह देने, गिग वर्कर्स को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने और चार्जिंग स्टेशन के लिए फुटपाथों का इस्तेमाल रोकने जैसे मुद्दे उठे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सफल बनाने के लिए नए नियमों के साथ आम वाहन चालकों की आर्थिक स्थिति और पैदल यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी है। राहगीरी फाउंडेशन की ओर से बैंगलोर क्लाइमेट डेटा वीक 2026 के तकनीकी सत्र में इन चुनौतियों पर चर्चा की गई।युलु में सार्वजनिक नीति एवं रणनीतिक साझेदारी की प्रमुख गौरी नटराजन ने कहा कि दिल्ली की ईवी नीति में कम गति वाले इलेक्ट्रिक वाहनों को स्पष्ट जगह मिलनी चाहिए। ये वाहन लास्ट-माइल कनेक्टिविटी में उपयोगी हैं। इनके पंजीकरण और नियमन की व्यवस्था से साझा परिवहन को भी बढ़ावा मिल सकता है।इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस के ऊर्जा विशेषज्ञ चरित कोंडा ने कहा कि डिलीवरी सहित अन्य सेवाओं में लगे गिग वर्कर्स के लिए पेट्रोल-डीजल वाहन से इलेक्ट्रिक वाहन पर जाना महंगा हो सकता है। उन्होंने फ्लीट स्तर पर विद्युतीकरण को बढ़ावा देने और कामगारों के लिए वित्तीय सहायता की स्पष्ट व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।द मारग इनिशिएटिव के संस्थापक सूर्य उत्कर्ष ने कहा कि चार्जिंग स्टेशन बनाते समय फुटपाथों पर पैदल यात्रियों की जगह प्रभावित नहीं होनी चाहिए और सडक़ किनारे पार्किंग की समस्या नहीं बढऩी चाहिए। चरित कोंडा ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में निजी निवेश बढ़ाने के लिए सब्सिडी के साथ प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन देने का सुझाव भी दिया। सत्र में वाहन से ग्रिड तक बिजली पहुंचाने वाली तकनीक, वर्चुअल पावर प्लांट, सडक़ डिजाइन और सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। राहगीरी फाउंडेशन की ईवी कार्यक्रम प्रमुख पी. सीतामहालक्ष्मी ने कहा कि आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढऩा आर्थिक और पर्यावरणीय, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण है।

दरअसल, दिल्ली की ईवी नीति 2026 को 30 जून को अधिसूचित किया गया था। इसके तहत जनवरी 2027 से इलेक्ट्रिक तिपहिया और एन1 श्रेणी के मालवाहक वाहनों के नए पंजीकरण संबंधी प्रावधान लागू होने हैं, जबकि अप्रैल 2028 से इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को लेकर अनिवार्यता का प्रावधान है। विशेषज्ञों ने कहा कि इन लक्ष्यों के साथ किफायती विकल्प, बेहतर चार्जिंग व्यवस्था और पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अवतार सिंह पुत्रः सरदार दलीप सिंह पताः डी–925, दूसरी मंजिल, शास्त्री नगर, दिल्ली FIR NO -161/2017 U/S 354/109/354A/354/B/323/376D/377/506/34 IPC थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैकि उक्त अभियुक्त **अवतार सिंह** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **अवतार सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR NO -161/2017 U/S 354/109/354A/354/B/323/376D/377/506/34 IPC थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अवतार सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मान्या
जेएमएफसी महिला न्यायालय–02,
कमरा नंबर 273, दूसरी मंजिलतीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14784/N/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें

मेरे रामक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन खेरा पुत्रः** गहेन्द्र खेरा, **निवासः** म.नं. 7/147, रमेश नगर, नई दिल्ली ने **FIR No. 405/15 एवं Cr. Case No. 62486/16, U/s 354D/506 IPC., थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन खेरा** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन खेरा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 405/15 एवं Cr. Case No. 62486/16, U/s 354D/506 IPC., थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमन खेरा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
छवि बंसल
जेएमएफसी-9 (महिला कोर्ट)-04
कमरा नं. 252, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14887/WD/2026
(Court Notice)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमल पुत्रः सुक्कन पताः ए–20, गली नं. 01, महालक्ष्मी एन्क्लेव, करावल नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 177/2022 U/s 457/380/411/34 IPC, थानाः करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 177/2022 U/s 457/380/411/34 IPC, थानाः करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कमल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.11.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा जैदी
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
रूम नं. 64, चौथी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14771/NE/2026 (Court Matter)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 290 दिनांक 13.10.26 धारा 127 (6) BNS
थाना कलानोर जिला रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम-साहिल
पिता/पति का नाम – मनजीत
पता - निवासी सुडाना रोहतक
उम्र-24 वर्ष
कद-5 फुट 10 इंच ।
हुलिया- रंग गोरा, गोल लम्बुतरा चेहरा, जिसने कबूतरी रंग की लोवर व हवाई चप्पल पहने हुए है
उपरोक्त साहिल नाम का व्यक्ति दिनांक 05.10.26 को अपने घर सुडाना रोहतक से कही चला गया है जिस सम्बंध मे मंजीत उपरोक्त ने हाजिर थाना आकर एक दरखास्त पेश की गई। जिस पर अभियोग पंजीकृत हुआ है यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
1. प्रबन्धक थाना कलानोर रोहतक - 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200,
पीआरडीएच-1084/11/5484/2027/50273/88/7 दि. 16.10.26

अराजकता फैलाकर सत्ता हथियाने का सपना देख रही शक्तियां: योगी आदित्यनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर पोस्ट कर साधा निशाना, कहा- लोकतंत्र में सत्ता का रास्ता जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं
- बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वालों पर प्रहार, युवाओं को अराजकता का औजार बनाने की कोशिश
- चुनाव सुधार और न्याय के नाम पर देश में अस्थिरता के बीज बोने का आरोप, कहा- षड्यंत्रों के अंधड़ से नहीं हिलेगा भारतीय लोकतंत्र
- सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं, राष्ट्र निर्माण के लिए है युवाशक्ति, अराजकता की सियासी साजिश नहीं होने देंगे सफल
- राजनीति के मारीचों-कालनेमियों को जनता पहले ही सत्ता से कर चुकी है दूर, अब अराजकता फैलाकर कुर्सी हथियाने की कोशिश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश में अराजकता फैलाकर सत्ता परिवर्तन का सपना देखने वाली शक्तियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वाली शक्तियां युवाओं को राष्ट्र निर्माण के बजाय अराजकता की ओर धकेलना चाहती हैं। चुनाव सुधार का मुखौटा लगाकर, न्याय का नारा देकर और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने की कोशिश हो रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत का लोकतंत्र जनविश्वास की मजबूत जड़ों पर खड़ा है। इसे किसी षड्यंत्र से हिलाया नहीं जा सकता।मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर देश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिशों पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वाली शक्तियां युवाओं के हाथों में राष्ट्र निर्माण की मशाल के स्थान पर अराजकता के औजार थमाना चाहती हैं।

उनका इशारा उन शक्तियों की ओर था, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बजाय अराजकता के सहारे सत्ता तक पहुंचने का सपना देख रही हैं। चुनाव सुधार का मुखौटा लगाकर अस्थिरता फैलाने की कोशिश मुख्यमंत्री ने चुनाव सुधार, न्याय और लोकतंत्र के नाम पर देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिशों को लेकर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जनविश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है। षड्यंत्रों के अंधड़ उसे हिला नहीं सकते। मुख्यमंत्री का संदेश था कि सत्ता परिवर्तन का एकमात्र लोकतांत्रिक रास्ता जनता का जनादेश है, न कि अराजकता का सहारा लेना।राष्ट्र निर्माण के लिए है युवाशक्ति, सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहींमुख्यमंत्री योगी ने युवाओं को अराजकता की राजनीति में इस्तेमाल करने की कोशिशों पर भी प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि भारत की युवाशक्ति देश का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने उन शक्तियों पर निशाना साधा, जो अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए युवाओं को अराजकता का औजार बनाना चाहती हैं। मारीचों-कालनेमियों को पहचान चुकी है जनतामुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में राजनीतिक विरोधियों के लिए मारीच और कालनेमि का उल्लेख करते हुए तीखा कटाक्ष किया

। उन्होंने कहा कि जनता-जनार्दन ने राजनीति के इन मारीचों-कालनेमियों को पहचानकर ही सत्ता से दूर रखा है। अब ये देश को अराजकता की आग में झोंककर कुर्सी हथियाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश ऐसी किसी भी सियासी साजिश को सफल नहीं होने देगा।

रविवार से मंगलवार तक विशिष्ट अनुष्ठान व आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोरखपुर

- गोरक्षपीठ में रविवार को होगी महानिशा पूजा, हवन कर लोक मंगल का आशीर्वाद मांगेंगे सीएम योगी
- महानवमी पर पांव पखारकर नौ कन्याओं और बटुकों का पूजन करेंगे मुख्यमंत्री
- दशहरे पर निकलेगी ऐतिहासिक विजयादशमी शोभायात्रा, प्रभु श्रीराम का होगा राजतिलक

शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन तपोस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा से जारी आध्यात्मिक अनुष्ठान रविवार से अपने सबसे विशिष्ट और पावन पड़ाव की ओर अग्रसर होंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार से मंगलवार तक अनवरत तीन दिनों तक विशेष अनुष्ठान, पूजन और पारंपरिक उत्सवों में लीन रहेंगे।

अष्टमी की शाम वह गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे जबकि सोमवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नवरात्र की पूर्णता के बाद दशहरे के दिन मंगलवार को गुरु गोरक्षनाथ की विशिष्ट पूजा कर गोरक्षपीठाधीश्वर, गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा को गोरक्षपीठाधीश्वर ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में कलश स्थापना की थी। इसके बाद के नियमित नवरात्र पूजन के अनुष्ठान उनके प्रतिनिधि के रूप में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ द्वारा किए जा रहे हैं। अष्टमी की तिथि के मान से लेकर विजयादशमी तक गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ स्वयं आराधना व आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के लिए उपस्थित रहेंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर रविवार को नवरात्र की अष्टमी तिथि में विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन कर लोक मंगल की प्रार्थना करेंगे। गोरक्षपीठ में सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे से मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा व सम्मान के प्रतीक के रूप में कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्या पूजन कर मातृ शक्ति के प्रति गोरक्षपीठ की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारेंगे, उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगा विधि विधान से पूजन करेंगे। पूरी श्रद्धा से भोजन कराकर दक्षिणा व उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे।

पेज एक का शेष

मुंबई में 20 को होगी ...

में किया था। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ते हुए गोवा में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की। गुजरात के केवड़िया में बोत्सवाना के विदेश मंत्री को होस्ट किया। इतना ही नहीं उन्होंने हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन की मेजबानी दिल्ली में नहीं बल्कि अमृतसर में की थी। भारत-अमेरिका जल्द ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी बातचीत को पूरा करने के इच्छुक हैं। बीते दिनों इसे लेकर विदेश मंत्री जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अमेरिकी पक्ष से कई चर्चाएं हुई हैं।

यूएई के विदेश मंत्री...

फिनटेक जैसे क्षेत्र में संबंधों पर वार्ता करेंगे। पश्चिम एशिया सहित अन्य वैश्विक, बहुपक्षीय मुद्दे इस बातचीत का हिस्सा बनेंगे।

रुबियो की यात्रा से होगा ये लाभ : उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री की यात्रा से भारत-अमेरिका संबंधों, व्यापक वैश्विक सामरिक भागीदारी की समीक्षा करने का मौका मिलेगा। वार्ता में दोनों देशों के बीच सहयोग से जुड़े सभी प्रमुख मुद्दों को शामिल किया जाएगा। ऊर्जा, व्यापार, निवेश, जटिल खनिज, उभरती हुई तकनीक व साझा हितों से जुड़े अन्य मुद्दे भी इस संवाद प्रक्रिया में शामिल किए जाएंगे। दोनों पक्ष क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। साथ ही रुबियो की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच चल रही उच्च स्तरीय वार्ता प्रक्रिया, साझा प्राथमिकताओं को बढ़ावा मिलेगा।

पीएम की कनाडा यात्रा पर मंथन जारी : एक अन्य प्रश्न के जवाब में रणधीर ने बताया कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने हाल ही में भारत की यात्रा की है। जिसमें उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और उस दौरान द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा के मामले पर भी चर्चा हुई है। लेकिन पीएम की यात्रा को लेकर फिलहाल तारीखों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इस संबंध में दोनों देशों के बीच विचार- विमर्श चल रहा है। ऐसे में उचित समय पर ही हम इस यात्रा की घोषणा करेंगे।

मालदीव के लिए 30 अरब के करंसी स्वैप को मंजूरी : उन्होंने बताया कि भारत ने मालदीव की वित्तीय स्थिरता के लिए कुल करीब 3 हजार करोड़ रुपये की करंसी स्वैप व्यवस्था के फर्स्ट रोलओवर को मंजूरी प्रदान की है। जिसे 23 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। मालदीव की सरकार के अनुरोध पर नई दिल्ली ने यह निर्णय लिया है। द्वीपीय देश में भारत के उच्चायुक्त ने इस विषय पर एक बयान भी जारी किया है। यह व्यवस्था दोनों देशों के बीच 2024 में हुए समझौते पर आधारित है। जिसका उद्देश्य मालदीव की वित्तीय स्थिरता में मदद पहुंचाना है।

यूएई के किंग से मिले जयशंकर : उन्होंने कहा, यूएई यात्रा में विदेश मंत्री ने वहां के किंग से भी मुलाकात की है। जिसमें द्विपक्षीय मामले, खाड़ी की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया है। एसआईआर पर प्रदर्शन को लेकर पूछे गए एक सवाल को लेकर जायसवाल ने कहा कि देश में मामले को देखने वाली उपयुक्त संस्थाएं और एजेंसियां ही इस पर नजर बनाए हुए हैं। उन्हें बखूबी पता है कि क्या करना है और वो ठीक वैसा ही कर रही हैं। अमेरिका की रूस से तेल-डीजल खरीद समझौते पर उन्होंने दोहराया कि हम दुनिया के बाकी देशों के बीच की व्यापारिक व्यवस्थाओं पर कोई टिप्पणी नहीं करते हैं। हां, इतना जरूर है कि हम वैश्विक तेल बाजार में स्थिरता के पक्ष में खड़े हैं।

यूएन के मंच से...

की आम जनता को भी स्थायी शांति के साथ-साथ सामान्य जीवन की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। लेकिन यहां ये जानना भी बेहद जरूरी हो जाता है कि शांति का अर्थ महज युद्ध की समाप्ति तक सीमित नहीं है। बल्कि यहां पर असल मुद्दा क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा, स्थिरता को अनिवार्य रूप से मजबूत बनाना है। भारत इस बाबत अपना योगदान देने से कभी भी नहीं हिचकेगा। हम मध्य पूर्व के लोगों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। क्योंकि इसी से आज के मुकाबले एक और अधिक सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध दुनिया का निर्माण हो सकेगा। भारत की उक्त कवायद इसी सिद्धांत के ईदगिर्द घूमती है।

बातचीत-कूटनीति से लौटेगी शांति : हरीश ने यह भी कहा कि भारत, सऊदी अरब की संप्रभुता की रक्षा के मामले में खाड़ी देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। नई दिल्ली विवाद का संवाद और कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान निकालने के पक्ष में खड़ी है। हमने वैश्विक कानूनों के मुताबिक समुद्री नौवहन आवाजाही को बरकरार रखने पर भी जोर दिया है। नाविकों की सुरक्षा भारत सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शुमार है। वहीं, इन हमलों से हालात कहीं अधिक जटिल और तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। उन्होंने बीते वक्त में भारतीय ध्वज वाले व कुछ अन्य व्यापारिक जहाजों जैसे एमवी डीपी वर्ल्ड कावेरी, एमटी पेट्रो डॉल्फिन, एमटी वाल्थेरा, एमटी ऑन पीस, एमटी कजीमाह-3 पर हुए हमलों को चिंताजनक बताया व कहा कि होर्मुज समेत बाब-अल-मंदेब, लाल सागर अंतरराष्ट्रीय हितों से जुड़ी जिम्मेदारियों को साझा करते हैं।

मित्रों के समूह में शामिल हुए 23 देश: भारतीय राजदूत ने कहा कि यूएनजीए के पिछले सत्र के दौरान वाणिज्यिक जहाजों पर बढ़ते हमलों के बीच भारत, लाइबेरिया ने ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स लांच किया था। जिसमें अभी तक 23 सदस्य देश शामिल हुए हैं। सभी नाविकों के हितों की रक्षा के लिए सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए तैयार हैं। विश्व के नाविक समुदाय में 20 लाख नाविक काम कर रहे हैं। जो कि वैश्विक व्यापार का 80% होता है। उन्होंने इस समूह को स्वैच्छिक, समावेशी और कार्रवाई करने वाला बताते हुए कहा, इसका उद्देश्य सहयोग को गहराई प्रदान करते हुए प्रायोगिक सहयोग को सशक्त बनाना है।

यमन की एकता को लेकर प्रतिबद्ध भारत : उन्होंने यमन की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके अलावा आंतरिक मामलों में किसी भी प्रकार के दखल को अस्वीकार्य बताया है। होर्मुज की खाड़ी में बढ़ती व्यापारिक चुनौती के बीच दुनिया को अपना ध्यान गाजा पट्टी में चल रहे हृदय विदारक मानवीय संकट पर भी बनाए रहना चाहिए। वहीं, आतंकवाद को किसी भी रूप में जायज नहीं ठहराया जा सकता है। हम गाजा के लोगों के लिए मानवीय सहायता, संवाद-कूटनीति और फिलिस्तीन के मामले का निदान द्विराष्ट्र समाधान के माध्यम से चाहते हैं।

संसद के दोनों...

की बैठकें दोबारा नहीं बुलाई गई हैं। उन्होंने इस स्थिति को अभूतपूर्व बताते हुए सरकार से सभी राजनीतिक दलों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करने का आग्रह किया।खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में याद दिलाया कि उन्होंने 11 अप्रैल 2026 को ही परिसीमन पर किसी भी संवैधानिक संशोधन विधेयक को लाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। उनके मुताबिक, सरकार ने उस समय बैठक नहीं बुलाई। इसके बाद 14 अप्रैल की देर शाम विधेयक सार्वजनिक किए गए और 16 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया।

लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत नहीं जुटा पाई थी सरकार : खड़गे ने पत्र में दावा किया कि परिसीमन से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक 17 अप्रैल को लोकसभा में आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका और निर्णायक अंतर से गिर गया। उन्होंने इसे सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश बताते हुए कहा कि इतने व्यापक प्रभाव वाले संवैधानिक बदलावों पर पर्याप्त चर्चा और सहमति बनाने की प्रक्रिया जरूरी है।खड़गे के अनुसार, इसके बाद उन्होंने 16 जुलाई और 27 अगस्त को भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। अब चौथी बार उन्होंने यही मांग दोहराई है।

नए प्रस्तावों पर चर्चा के बाद ही हो अंतिम फैसला : राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि परिसीमन को लेकर सरकार के नए प्रस्तावों को संसद में अंतिम विचार के लिए लाने से पहले सभी राजनीतिक दलों के साथ विस्तार से चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को आपस में, एक-दूसरे के साथ और सभी संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए।खड़गे ने पत्र में लिखा कि सरकार को एक बार फिर व्यापक प्रभाव वाले संविधान संशोधन विधेयक को संसद में जल्दबाजी में पारित कराने का प्रयास नहीं करना चाहिए। उन्होंने पिछले प्रयास का उल्लेख करते हुए कहा कि उस विधेयक को लोकसभा में आवश्यक समर्थन नहीं मिला था।

संविधान संशोधन पर सहमति बनाने की जरूरत: खड़गे ने अपने पत्र के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की है कि परिसीमन जैसे संवेदनशील संवैधानिक विषय पर निर्णय लेने से पहले राजनीतिक सहमति और व्यापक विचार-विमर्श जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि प्रस्तावों को अंतिम रूप देने से पहले सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाए, ताकि सभी दलों को अपनी राय रखने का अवसर मिल सके।पत्र में खड़गे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए अंत में कहा कि सरकार को पहले किए गए प्रयास की पुनरावृत्ति करने से बचना चाहिए। पत्र पर उन्होंने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में हस्ताक्षर किए हैं।

नवीन: अराजकता से ...

ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों के इस्तेमाल से विपक्ष का असली एजेंडा सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को अस्थिर करने का प्रयास 'अर्बन नक्सल' के एजेंडे का हिस्सा है। नवीन ने कहा कि विपक्ष की लड़ाई चुनावी व्यवस्था में सुधार या एसआईआर को लेकर नहीं, बल्कि किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने के लिए है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष देश में अराजकता फैलाना चाहता है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का रास्ता जनादेश से होकर गुजरता है, अराजकता से नहीं। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का विरोध करने की बात कही।

प्रशांत भूषण ने क्या कहा था?: अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने 15 अक्टूबर को कहा था कि विपक्ष फिलहाल निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन यदि कथित बर्बरता जारी रही तो सत्ता परिवर्तन निश्चित रूप से होगा। उन्होंने सत्ता परिवर्तन को हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार बताते हुए कहा था कि संविधान के तहत सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त करना अपराध नहीं है।

चुनाव से सत्ता...

सवाल झेलने पड़ते हैं, तो यही लोकतंत्र उन्हें देशद्रोह लगता है। राज्यसभा सांसद खेड़ा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा नेताओं की टिप्पणियों पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि मोदी सरकार का नैरेटिव कमजोर पड़ रहा है और सत्ता जाने की आशंका से ऐसे बयान दिए जा रहे हैं। उन्होंने राजनाथ सिंह से पूछा कि क्या किसी विपक्ष को सड़कों पर आकर सरकार के पक्ष में आंदोलन करते देखा है? कांग्रेस नेता ने विभिन्न वर्षों में हुए सत्ता परिवर्तनों का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव के जरिए सरकार बदलना लोकतंत्र की सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के 2014 से पहले के एक भाषण का वीडियो दिखाते हुए कहा कि उस समय वह स्वयं केंद्र सरकार को 'उखाड़ फेंकने' की बात करते थे। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 2012-13 में जब तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ आंदोलन हो रहा था, तब भाजपा उसका समर्थन कर रही थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से सवाल पूछे जाते हैं, तो पूरी भाजपा जवाब देने के लिए सामने आ जाती है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सवालों का सामना करने से बचते हैं। उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए तैयार क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूरे भारत का संघीकरण कर दिया। आरएसएस ने हर संस्था में अपने लोगों को भर्ती कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसी रिजीम को बदलने की बात कर रही है और बदलकर रहेगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को फटकार वाली झूठी खबर चलाने को लेकर पूछे गए प्रश्न पर खेड़ा ने कहा कि असलियत में कोर्ट ने किसी अन्य याचिकाकर्ता के बारे में टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी को ठीक से जाने बिना भाजपा ने प्रेस वार्ता कर दी और राहुल गांधी के खिलाफ झूठी खबरें चलाई गईं। उन्होंने इसे सुप्रीम कोर्ट का अपमान बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस झूठ पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और गोदी मीडिया सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगेंगे? राजस्थान भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ के पाकिस्तान को समर्थन करने के बयान से जुड़े प्रश्न का उत्तर देते हुए खेड़ा ने कहा कि भाजपा व उसके वैचारिक पूर्वजों और पाकिस्तान के बीच यह जुगलबंदी 1937 से चली आ रही है। उन्होंने याद दिलाया कि हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग के बीच गठबंधन सरकारें भी बनी थीं। उन्हीं सरकारों में पाकिस्तान बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ और श्यामा प्रसाद मुखर्जी चुप रहे।

लोकतंत्र की निर्वाचन ...

भारतीय राजदूत की तीखी प्रतिक्रिया : क्वात्रा ने एक्स पोस्ट के जरिए अमेरिकी सांसद को दिए जवाब में उन्हें स्पष्ट किया कि भारत में लोकतंत्र का जीवंत स्वरूप मौजूद है। साथ ही मजबूत, स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं भी हैं। वो भारत ही है, जहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का लंबा इतिहास रहा है। मैं, अमेरिकी कांग्रेस की महिला सांसद के इस मामले पर उनके सभी शक-सूबों को सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत के जरिए शत-प्रतिशत दूर करने के लिए हमेशा तैयार हूं। लेकिन यहां इस तथ्य को भी सामने रखना चाहता हूं कि जयपाल द्वारा भारत की चुनाव और राजनीतिक प्रक्रियाओं पर की गई टीका-टिप्पणियां नई दिल्ली के लिए अस्वीकार्य हैं।

ट्रंप ने की ज्ञानेश कुमार की तारीफ : गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी साल अगस्त महीने में ट्रूथ सोशल पर की गई अपनी एक पोस्ट में भारत की चुनाव प्रणाली और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तारीफ करते हुए कहा था कि अमेरिका में भी मतदान की प्रक्रिया में बदलाव की दरकार है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अमेरिकी प्रशासन से पूछा था कि उनका देश किस तरह से बिना किसी वैध फोटो आईडी (मतदाता पहचान पत्र) के चुनाव करा सकता है? बाद में भारत के चुनावों की प्रशंसा करते हुए ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका में हमें अब सेव अमेरिका एक्ट को पास कराने की जरूरत है। अमेरिका के राष्ट्रपति का ये बयान दो संदर्भों से जुड़ा हुआ है। जिसमें पहला, यह कि नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर की ज्ञानेश कुमार से मुलाकात के बाद ट्रंप ने ये बयान दिया। दूसरा, इसका संबंध अमेरिका में नवंबर महीने में होने वाले मध्यावधि चुनावों से भी जुड़ा हुआ है।

विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया: उधर, मामले पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी सांसद का बयान पूरी तरह से अनुचित होने के अलावा भारत की लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया में दखलंदाजी के समान है। जिससे आखिरकार लोकतंत्र ही कमजोर होता है।

हाईकोर्ट के आदेश पर विजयवाड़ा में 1,125 किलो टेक्सचर सामग्री जब्त



- नेक्सन पेंट्स के ट्रेडमार्क विवाद में कार्रवाई-नेक्स-जेन पेंट्स की इकाई में 45 बैग सील

विजयवाड़ा/हैदराबाद। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर विजयवाड़ा के जक्कमपुड़ी स्थित नेक्स-जेन पेंट्स की इकाई से 1,125 किलो टेक्सचर सामग्री जब्त की गई। 10 अक्टूबर को कोर्ट द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर की निगरानी में हुई कार्रवाई के दौरान 'सैंटेक्स' लेबल वाली 'स्क्रैच प्लास्टर एक्रिलिक टेक्सचर' सामग्री के 45 बैग सील किए गए। प्रत्येक बैग का वजन 25 किलो था। एक खाली बैग भी कब्जे में लिया गया। यह कार्रवाई दिल्ली हाईकोर्ट के 22 सितंबर 2026 के अंतरिम आदेश के तहत की गई। हैदराबाद स्थित नेक्सन पेंट्स ने ट्रेडमार्क अधिकारों की रक्षा के लिए वाणिज्यिक वाद दायर किया था। कंपनी का आरोप है कि नेक्स-जेन नाम और संबंधित पैकेजिंग उसके ब्रांड से भ्रामक समानता रखते हैं, जिससे डीलरों, पेंटरों, ठेकेदारों और ग्राहकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है। कार्रवाई में आंध्र प्रदेश पुलिस के विजयवाड़ा स्थित सेकंड टाउन (कोठापेटा) थाने ने सहयोग किया। जब्त सामग्री को मौके पर लपेटकर सील किया गया और उस पर पहचान संबंधी लेबल लगाए गए। नेक्सन पेंट्स के आंध्र प्रदेश के जोनल सेल्स मैनेजर डी. श्रीधर ने कहा कि कंपनी अपने ब्रांड के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी, ताकि ग्राहकों को भुगतान के अनुरूप उत्पाद मिल सकें। नेक्सन पेंट्स हैदराबाद स्थित सजावटी पेंट निर्माता है, जिसका देशभर में 3,000 से अधिक डीलरों का नेटवर्क है।



मनोज जोशी निभाएंगे सरदार पटेल की भूमिका

आज 2026 में समिति अपनी स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण कर रही है। यह अवसर उन असंख्य सेविकाओं की साधना को नमन करने का है, जिन्होंने अपने समय, श्रम और सामर्थ्य से इस विचार को आगे बढ़ाया।

आज की चुनौतियाँ बदल गई हैं। तकनीक ने अवसरों का विस्तार किया है, लेकिन नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक संवेदनशीलता, अनुशासन और विवेक का विकास भी उतना ही आवश्यक है। परिवारों में संवाद, समाज में समरसता, बालिकाओं की शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल माध्यमों के प्रति जागरूकता और सेवा की भावना को सुदृढ़ करना आज के समय की महत्त्वपूर्ण आवश्यकताएँ हैं।

नौ दशकों की यात्रा हमें यह स्मरण कराती है कि किसी विचार की वास्तविक सफलता तब होती है, जब वह कार्यकर्ताओं के जीवन में उतरकर समाज के लिए उपयोगी बनता है। श्रद्धांजलि नहीं, जीवन में उतारने का संकल्प: मौसी जी को सच्ची श्रद्धांजलि केवल उनके जीवन का स्मरण करना नहीं, बल्कि उनके द्वारा प्रज्वलित ध्येय-ज्योति को अपने जीवन में जीवंत रखना है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत संघर्ष को व्यापक सामाजिक दायित्व में बदला और एक विचार को संगठन का स्वरूप दिया। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम उस विचार को सेवा, संस्कार, अनुशासन और समर्पण के माध्यम से आगे बढ़ाएँ।

नब्बे वर्षों की यह साधना हमें तीन सूत्र देती है— संस्कारों से चरित्र निर्माण, संगठन से सामर्थ्य निर्माण और सेवा से राष्ट्र निर्माण।

वंदनीय मौसी जी के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए हमारा संकल्प हो कि सेवा हमारे जीवन की साधना बने, संस्कार हमारी पहचान बनें, संगठन हमारी शक्ति बने और राष्ट्रकार्य हमारे जीवन का ध्येय बने।

यही मौसी जी के जीवन का संदेश है। यही राष्ट्र सेविका समिति के नौ दशकों की साधना का सार है। और यही आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारा उत्तरदायित्व!

आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

लक्ष्मी जी कहाँ निवास करती हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्राह्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

कहां खो गए मिट्टी के दीये

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास, आंगन के मांडणों, रिश्तों के अपनत्व और लोक परंपराओं की जीवंतता का पर्व हुआ करती थी। आज बिजली की रंग-बिरंगी लड़ियां हैं, महंगे उपहार हैं, मिठाइयों के आकर्षक डिब्बे हैं, पटाखों का शोर है और इंटरनेट पर शुभकामनाओं की भरमार है। सब कुछ है, लेकिन क्या वह पहले जैसा उल्लास, वह आत्मीयता और वह सुकून भी है? आधुनिकता की चकाचौंध में कहीं हम दिवाली की आत्मा तो नहीं खोते जा रहे हैं? दिवाली केवल अमावस्या की रात को रौशन करने का पर्व नहीं है। यह अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और दूरी पर अपनत्व की विजय का प्रतीक है। यह वह अवसर है जब घरों के साथ रिश्तों की भी सफाई होती थी, मन के मैल दूर किए जाते थे और रूठों को मनाया जाता था। - **शरद जोशी**, बिलासपुर

ट्रेंड

सबका साथ-सबका विकास



'सबका साथ-सबका विकास' की भावना के अनुरूप, भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षा, विकास, कल्याण, रोजगार, महिला सुरक्षा और दंगाइयों से निपटने के मामलों में समान लगन के साथ काम किया है।
- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उत्तरप्रदेश

गुमराह कर रहे कांग्रेसी



कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्ता की अपनी लालसा के चलते देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। झूठे आरोपों, भ्रामक बयानों और बेबुनियाद मुद्दों के जरिए जनता को गुमराह करना ही उनकी राजनीति का आधार बन गया है।
- **डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश

नरेंद्र मोदी का भाषण



देश के हर नागरिक को 6 जून 2011 को दिया गया नरेंद्र मोदी का भाषण सुनना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनके हाथ बंधे न होते, तो वे केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ देते। यह अराजकता की पराकाष्ठा थी।
- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

राष्ट्रव्यापी अभियान



आज मुझे 'भारत यात्रा' के समापन की याद आ रही है, जो बच्चों के यौन शोषण और तस्करी के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान था। 2017 में हुई इस यात्रा के दौरान 22 राज्यों में 11,000 किलोमीटर की दूरी तय की गई।
- **कैलाश सत्यार्थी**, नोबेल पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

अंग प्रत्यारोपण की दवाओं के लिए भारत, जर्मन आए साथ



भारत की कंपनी 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' और जर्मनी की कंपनी 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' अंग प्रतिरोपण में इस्तेमाल होने वाली दवा सहित 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों के निर्माण एवं व्यावसायिक बिक्री के लिए मिलकर काम करेंगी और इसके तहत संबंधित प्रौद्योगिकी भी भारत को हस्तांतरित की जाएगी। बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। 'इम्युनोग्लोबुलिन' एक प्रकार का प्रोटीन है, जिसे प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) भी कहा जाता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली का हिस्सा है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। दूतावास ने बताया कि उसने 13 अक्टूबर को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' और 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' के बीच समझौते में मदद की। इस सहयोग के तहत 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। इनमें 'एंटी-थाइमोसाइट ग्लोबुलिन' भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल मनुष्यों में अंग प्रतिरोपण और रक्त संबंधी कुछ विकारों के इलाज में किया जाता है। भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने 13 अक्टूबर, 2026 को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान जर्मनी की नियोवी बायोटेक जीएमबीएच और भारत की विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड के बीच गोपनीयता समझौते के आदान-प्रदान में मदद की।'

ऑफ बीट

स्काईरूट की मदद से अमेरिकी कंपनी रात में 'धूप' बेचेगी



जरा सोचिए, क्या रात के घने अंधेरे में भी धरती के किसी खास हिस्से को सूरज की रोशनी से जगमगाया जा सकता है? एक अमेरिकी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी इस कल्पना को हकीकत में बदलने की तैयारी कर रही है और वह भी भारतीय कंपनी की मदद से। कैलिफोर्निया स्थित स्टार्ट-अप 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने अंतरिक्ष में विशाल दर्पण स्थापित कर पृथ्वी पर मांग के अनुरूप 'धूप' बेचने की अनोखी योजना बनाई है। इस महत्वाकांक्षी मिशन के लिए कंपनी ने भारत की निजी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' की प्रक्षेपण सेवाएं लेने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' कंपनी उपग्रहों का एक ऐसा समूह तैयार कर रही है, जो रात के समय आपदा प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव कार्यों के लिए तत्काल रोशनी मुहैया करा सकेगा। इससे सौर ऊर्जा संयंत्रों में बिजली उत्पादन की अवधि भी बढ़ाई जा सकेगी। कंपनी ने अपने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए हैदराबाद स्थित 'स्काईरूट एयरोस्पेस' के साथ अनुबंध किया है। इन उपग्रहों को स्काईरूट के 'विक्रम' रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने एक बयान में कहा, ''अमेरिका में तय हमारे अन्य प्रक्षेपण अभियानों के साथ-साथ इन दो प्रक्षेपण से हमें एक निश्चित समयसीमा और अतिरिक्त क्षमता मिलेगी।''

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट सख्त, सभी मामलों को किया गया सूचीबद्ध

राहुल, सीजेपी, दिल्ली प्रदर्शन और एसआईआर पर होगी अलग-अलग सुनवाई, तारीखें तय

सीजेआई की पीठ ने किया इसका फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदर्शनों और पुलिस की कार्रवाई को लेकर कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई हैं। इन याचिकाओं में प्रदर्शन के अधिकार, पुलिस की कार्रवाई, पत्रकारों की सुरक्षा और प्रशासन की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों को अलग-अलग समूहों में बांटकर सुनवाई करने का फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अलग-अलग मामलों की सुनवाई के लिए अलग तारीखें तय की हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार और दूसरी संबंधित एजेंसियों से जवाब भी मांगा है।

3 नवंबर को दिल्ली के प्रदर्शनों पर सुनवाई :

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में हुए प्रदर्शनों, पुलिस की कार्रवाई और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की जगह से जुड़े ज्यादातर मामलों की अगली सुनवाई 3 नवंबर को तय की है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और केंद्र सरकार की ओर से पेश वकीलों को नोडल वकील भी नियुक्त किया है। उन्हें 28 अक्टूबर तक सभी मामलों को अलग-अलग समूहों में बांटने को कहा गया है, ताकि हर समूह के लिए अलग जवाब दाखिल किया जा सके।



निजी पक्ष भी जमा कर सकते हैं फुटेज व डिजिटल सबूत

सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे अपने पास मौजूद सीसीटीवी फुटेज और दूसरे डिजिटल सबूत सुरक्षित रखें। निजी पक्षों के पास यदि इस मामले से जुड़ा कोई सबूत है, तो वे उसे भी कोर्ट में जमा कर सकते हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार को दिल्ली में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी आदेशों को भी कोर्ट के सामने रखने को कहा गया है। इसमें 23 अगस्त 2026 के आदेश के अलावा दूसरे संबंधित आदेश भी शामिल हैं।

एसआईआर मामले की सुनवाई 27 को

चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान से जुड़े कुछ मामलों की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों में नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इन याचिकाओं को पहले से चल रहे एक मामले के साथ जोड़ने का भी आदेश दिया गया है। एक याचिका में शामिल छठे याचिकाकर्ता की याचिका को फिलहाल इस शर्त पर स्वीकार किया गया है कि वे अपने आचरण के बारे में कोर्ट को सफाई देंगे।

महिला पत्रकार के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर रोक

महिला पत्रकार से कथित छेड़छाड़ की शिकायत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि फिलहाल उस महिला पत्रकार के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाए, जिसकी शिकायत पर विचार किया जा रहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 5 नवंबर को होगी।

निर्वाचन आयोग 30 को टीएमसी के दावे पर सुनवाई करेगा

निर्वाचन आयोग ने टीएमसी के प्रतिद्वंद्वी गुटों को 30 अक्टूबर को सुनवाई के लिए बुलाया है। पश्चिम बंगाल के उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर रोक लगाए जाने के बाद यह पहली सुनवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट में तारीखें तय

27 अक्टूबर: राहुल गांधी और उनसे जुड़ी एसआईआर (एफआईआर) याचिकाएं।

3 नवंबर: दिल्ली विरोध-प्रदर्शनों से जुड़ा मुख्य मामला, पुलिस की कार्रवाई, जंतर-मंतर और इससे जुड़े अन्य मामले।

5 नवंबर: महिला पत्रकारों के कथित यौन उत्पीड़न का मामला।

19 नवंबर: बीएनएसएस की धारा 172 की संवैधानिक वैधता और धारा 163 के तहत जारी निषेधाज्ञा को दी गई अलग-अलग चुनौतियां।

संजय राउत से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत से कहा है कि वे सीजेआई सूर्यकांत और न्यायपालिका के बारे में की गई अपनी टिप्पणियों को लेकर अपने आचरण पर स्पष्टीकरण दें। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने, राउत के आचरण पर स्पष्टीकरण मांगे जाने की शर्त के साथ, एसआईआर से जुड़े मामलों के समूह में उनकी याचिका को फिलहाल स्वीकार कर लिया है।

नवा रायपुर में 150 करोड़ की औद्योगिक इकाई का साय ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास का लाभ प्रदेश के युवाओं तक रोजगार और आर्थिक अवसरों के रूप में पहुंचे, यह राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से नई औद्योगिक विकास नीति में ऐसे श्रम आधारित उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिनमें अपेक्षाकृत कम पूंजी निवेश के साथ बड़ी संख्या में रोजगार सृजित करने की क्षमता है। राज्य सरकार का लक्ष्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि निवेश को रोजगार, स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और प्रदेश की समृद्धि का माध्यम बनाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को नवा रायपुर में यश फैन्स एंड एप्लायंसेस लिमिटेड की प्रस्तावित नई औद्योगिक इकाई के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

साय ने कहा कि यश फैन्स एंड एप्लायंसेस लिमिटेड की नई इकाई छत्तीसगढ़ की औद्योगिक विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना में 150 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश प्रस्तावित है और इससे साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इस इकाई में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन है। हमारी सरकार चाहती है कि छत्तीसगढ़ में ऐसे उद्योग अधिक से अधिक स्थापित हों, जो प्रदेश के युवाओं और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं। जब युवाओं को अपने ही प्रदेश में कौशल और क्षमता के अनुरूप रोजगार मिलेगा तो उनके परिवार आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

साय ने कार्यक्रम के दौरान नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथ में नियुक्ति पत्र देना किसी भी औद्योगिक निवेश की सबसे सार्थक उपलब्धि है। एक रोजगार केवल एक व्यक्ति को आत्मनिर्भर नहीं बनाता, बल्कि पूरे परिवार के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और नई उम्मीद लेकर आता है। मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की पहल के लिए यश ग्रुप की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नई औद्योगिक विकास नीति 2024–2030 में रोजगार सृजन करने वाले उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। साय ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के साथ ही उद्योग लगाने और संचालित करने की प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा रहा है। उद्यमियों को अनावश्यक प्रक्रियाओं और जटिलताओं से मुक्ति दिलाने के लिए लगातार सुधार किए गए हैं।



अधिक रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष प्राथमिकता

वित्त मंत्री ओपी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति की सोच में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। अब निवेश का मूल्यांकन केवल निवेश की राशि से नहीं, बल्कि उससे उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसरों के आधार पर भी किया जा रहा है। प्रदेश में लंबे समय तक अधिक पूंजी निवेश और अपेक्षाकृत कम रोजगार देने वाले उद्योगों की प्रधानता रही है। इस स्थिति को बदलते हुए नई औद्योगिक नीति में श्रम आधारित और अधिक रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

खबर संक्षेप

भाजपा-युवा मोर्चा का मार्च आंसू गैस के गोले छोड़े

तिरुवनंतपुरम। पीएससी में कथित अनियमितताओं और नेता प्रतिपक्ष



पिनराई विजयन के इस्तीफे की मांग को लेकर केरलम विधानसभा की ओर मार्च के दौरान हिंसा भड़क उठी। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।

बुलंदशहर में वैन पेड़ से टकराई, 5 की मौत

बुलंदशहर। कासगंज से नरौरा के सर्वमंगला मां बेला भवानी



सिद्धपीठ बेलोन के दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं की ईको वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक साल की बच्ची, उसके पिता और दादा सहित 5 लोगों की जान चली गई।

यूपीएससी ने भर्ती परीक्षा की तारीख बढ़ाई

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग ने दिल्ली सरकार के शिक्षा



विभाग में प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के पदों पर भर्ती को लेकर नया नोटिस जारी किया है। नोटिस में बताया गया है कि संयुक्त भर्ती परीक्षा अब 1 नवंबर के बजाय 9 जनवरी 2027 को आयोजित होगी।

128 जगहों पर तमिलनाडु में पथ संचालन के आदेश

चेन्नई। तमिलनाडु में आरएसएस को 128 जगहों पर पथ संचालन की अनुमति मिल गई है। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस की



आलोचना की। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस बार-बार उन आधारों पर अनुमति देने से इनकार कर रहे थे जिन्हें अदालतें पहले ही खारिज कर चुकी हैं। हाईकोर्ट ने कहा था कि जब जम्मू कश्मीर जैसे राज्य में संघ का पथ संचालन हो सकता है तो तमिलनाडु में क्यों नहीं? हाई कोर्ट ने पथ संचलन मामले में फैसला देते हुए तमिलनाडु पुलिस को जमकर सुनाया। जस्टिस वी. लक्ष्मी नारायणन ने फैसला दिया।

राजनाथ का आपातकाल, सिख नरसंहार और कारसेवकों पर गोलीबारी पर कांग्रेस पर सवाल

देश के लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं को स्वार्थों की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता: सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का उद्देश्य चुनाव सुधार नहीं, बल्कि सत्ता हासिल करना है। पार्टी ने आपातकाल, 1984 के सिख नरसंहार और कारसेवकों पर गोलीबारी का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के इतिहास पर सवाल उठाए। केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

उन्होंने दिल्ली में हालिया घटनाक्रमों को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने, अराजकता फैलाने और बांग्लादेश की तर्ज पर सत्ता परिवर्तन की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य चुनाव सुधार नहीं, बल्कि सत्ता हासिल करना है। सिंह ने आपातकाल, 1984 के सिख नरसंहार और कारसेवकों पर गोलीबारी का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के इतिहास पर सवाल उठाए। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को रेखांकित किया तथा आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ देश को बदनाम करने का प्रयास कर रही है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि दिल्ली में पिछले दिनों जो घटनाक्रम हुए हैं, वे कई गंभीर सवाल खड़े करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस और उसके राजनीतिक सहयोगी प्रत्यक्ष रूप से और अपने समर्थक संगठनों के माध्यम से लोकतांत्रिक कार्यों को समाज के निर्माण की बजाय राजनीतिक



उद्देश्यों और अराजकता फैलाने का साधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। देश के नौजवानों को अराजकता का मोहरा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वे बांग्लादेश की तर्ज पर रिजीम चेंज कराना चाहते हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलकर कहा जाता है कि उन्होंने रिजीम चेंज के लिए बांग्लादेश से प्रेरणा ली है, तो दूसरा डंके की चोट पर सरकार को गिराने की बात करता है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि उनका एकमात्र एजेंडा लोकतांत्रिक संस्थाओं को बंद करना और देश में आग लगाना है। इन लोगों के द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों से इनकी लड़ाई का उद्देश्य स्पष्ट हो जाता है। इनकी लड़ाई न तो चुनाव सुधार के लिए है, न एफआईआर के लिए, न ज्ञानेश कुमार के लिए और न ही देश के नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। बल्कि, देश में अराजकता पैदा करके सत्ता हासिल करना ही इनका एकमात्र लक्ष्य है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि जब राजनीतिक स्वार्थ को सत्य और राष्ट्रहित से ऊपर रखा जाता है, तो लोकतांत्रिक विमर्श तथ्यों और तर्कों के बजाय झूठ और दुष्प्रचार का शिकार हो जाता है। राहुल गांधी और उनके साथियों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र अराजकता फैलाने, संवैधानिक संस्थाओं की साख पर चोट करने या भारत की विकास यात्रा में बाधा डालने का लाइसेंस नहीं है। बीते दिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणी भी इसी दिशा में एक संकेत है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून का सम्मान करना आवश्यक है।

भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को राजनीतिक स्वार्थों की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता। इस बात को समझना होगा कि झूठे आरोपों के जरिए संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास और राजनीतिक अवसरवाद के सहारे भारत की विकास यात्रा को बाधित नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी को लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर पॉलिटिक्स ऑफ डिसरप्शन करने के बजाय जनमत का सम्मान करते हुए अपनी राजनीतिक रणनीति पर आत्ममंथन करना चाहिए। यह राहुल गांधी को हमारा सुझाव है। जहां तक भारत के भविष्य का प्रश्न है, उसकी जिम्मेदारी सभी की है। हमें टकराव के बजाय समाज और राष्ट्र निर्माण का मार्ग चुनना चाहिए।

प्रशांत भूषण का पुराना वीडियो शेयर कर रिजिजू बोले

'रिजीम चेंज' वालों को कभी माफ न करें, गद्दारों को...



एसआईआर को लेकर और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देश में चल रहे कांग्रेस के प्रदर्शन के बीच देश में 'रिजीम चेंज' की बहस अब और तीखी हो गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण का पुराना वीडियो शेयर करते हुए लोगों से अपील की कि वे उन लोगों को कभी माफ न करें जिन्हें उन्होंने 'गद्दार' कहा। दोस्तों को एक बार माफ करें पर ऐसे लोगों को कभी माफ न करें।

रविता और अमरदीप को फांसी अमित को बिस्तर पर छोड़ा था

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यहां के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप हत्याकांड में अदालत ने उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में दोनों को पहले ही हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र अजित निवासी मकान संख्या ई104 अमन विहार, किराड़ी सुलेमान नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 355/17 U/S 454/380/511 IPC, अन्तर्गत थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उरा पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 355/17 U/S 454/380/511 IPC, अन्तर्गत थाना बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
अनुराधा प्रसाद
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर–पश्चिम कोर्ट नंबर 101 प्रथम तल
DP/14682/RD/2026(Court Matter) रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक मिश्रा पुत्र विजय कुमार मिश्रा निवासी मकान नं. 4318, गली नं. 10, राहुल विहार, 25 फुटा रोड, जी–बाद उत्तर प्रदेश** ने केस **एफआईआर नं. 372/2019, अंतर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना खजूरी खास, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक मिश्रा** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक मिश्रा** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 372/2019, अंतर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना खजूरी खास, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अभिषेक मिश्रा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2026** को **सुबह 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नोरमा जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 22, प्रथम तल
DP/14697/NE/2026 (Court Matter) कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश पुत्र पवन शर्मा निवासी मकान नं. ए–84, ए–ब्लॉक, ओल्ड महारानी एन्क्लेव, हस्तसाल, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 238/2017, अंतर्गत धारा 279/338 आईपीसी, थाना रणहोला दिल्ली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 238/2017, अंतर्गत धारा 279/338 आईपीसी, थाना रणहोला दिल्ली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
महानगर दण्डाधिकारी–08 (पश्चिम)
DP/14825/OD/2026 (Court Matter) कमरा नं. 30, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

सऊदी अरब में भारत के राजदूत संभालेंगे यमन से जुड़ी राजनयिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अधिकारिक बयान जारी कर बताया कि सऊदी अरब में भारत के मौजूदा राजदूत विपुल को यमन गणराज्य में भारत के कूटनीतिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अधिकृत किया गया है। जबकि नेपाल में भारत के अगले राजदूत के रूप में वरिष्ठ राजनयिक सुधाकर दलेला की नियुक्ति की गई है। दलेला वर्ष 1993 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं। वर्तमान में वह मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। जल्द ही वह अपनी नई जिम्मेदारी को संभालेंगे। वहीं, यमन को लेकर आईएफएस अधिकारी विपुल को सौंपी गई कमान के तहत वह सऊदी अरब के रियाद से ही खाड़ी के इस अन्य देश से जुड़ी हुई भारत की तमाम राजनयिक गतिविधियों का संचालन करेंगे। जल्द ही वह अपने कामकाज की शुरुआत करेंगे। मालूम हो कि यमन में जारी आंतरिक संघर्ष, अस्थिरता की वजह से नई दिल्ली द्वारा वहां पर तैनात किए जाने वाले राजदूत आमतौर पर सऊदी अरब से ही अपना कामकाज करते हैं। दोनों देशों की सीमाएं लगी हुई हैं।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए राहतभरी खबर

मनमानी फीस बढ़ोतरी नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निजी संस्थानों में इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए फीस से जुड़ा एक अहम मामला सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दाखिले के बाद फीस संरचना में बदलाव केवल विशेष परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। प्रवेश के समय तय फीस से अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। बीच में फीस बढ़ने से छात्रों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दाखिले के बाद नहीं बढ़ेगी फीस

कोर्ट ने कहा बीच में कोई शुल्क नहीं बढ़ाया जाना चाहिए, यह गलत



पालकों के बजट पर ध्यान देना होगा

कोर्ट ने फीस में पारदर्शिता और निश्चितता की जरूरत पर जोर दिया। फीस अधिकांश परिवारों की आय और बचत का बड़ा हिस्सा होती है। माता-पिता बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर योजना बनाते हैं। वे फीस का इंतजाम करते हैं कि पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके बच्चों को बेहतर रोजगार और करियर के अवसर मिलेंगे।

एआई एजेंट ने बिना अनुमति गोपनीय डेटा तक बनाई पहुंच

भारतीय संगठनों पर साइबर हमले सीईआरटी-इन ने दी चेतावनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने 'गंभीर' चेतावनी जारी करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित स्वायत्त एजेंट ने बिना अनुमति भारतीय संगठनों की सक्रिय प्रणाली और गोपनीय डेटा तक पहुंच बनाई है। साथ ही, साइबर हमलावर तेजी से साइबर हमले करने के लिए मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

'एआई एजेंट्स ऐज अटैक वेक्टर्स' शीर्षक वाले अपने परामर्श (सीआईएडी-2026-0049) में भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने भारतीय संस्थाओं के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाली घटनाओं की दो अलग-अलग श्रेणियों का उल्लेख किया है।

कंपनियों ने स्वेच्छा से खुलासा किया

पहली श्रेणी की घटनाओं में एआई मॉडल बनाने वाली कंपनियों ने स्वेच्छा से खुलासा किया कि शोध एवं मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे स्वायत्त एआई मॉडल और एजेंट अपने निर्धारित कार्यों के लिए मिली अनुमति की सीमा से आगे निकल गए तथा भारतीय संगठनों की सक्रिय प्रणाली तक पहुंच गए।

गोपनीय सामग्री वाले कारोबारी रिकॉर्ड पढ़े

एजेंसी ने कहा कि इन गतिविधियों के दौरान एआई एजेंट ने व्यक्तिगत जानकारी और गोपनीय सामग्री वाले कारोबारी रिकॉर्ड पढ़े। उन्होंने इसके लिए उन क्रेडेंशियल और कनेक्शन सेटिंग का इस्तेमाल किया, जो एप्लिकेशन के कॉन्फिगरेशन, सार्वजनिक कोड रिपॉजिटरी और जरूरत से ज्यादा अधिकार वाले क्लाउड सेवा खातों में रह गए थे।

- हमले के लिए मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं
- हमले करने मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे
- एजेंट निर्धारित कार्यों के लिए मिली अनुमति की सीमा से आगे निकल गए



घटना का खुलासा एआई मॉडल बनाने वाली कंपनी ने किया : खास बात यह रही कि प्रभावित संगठनों में से कोई भी अपने स्तर पर इसका पता नहीं लगा पाया। हर मामले में घटना का खुलासा एआई मॉडल बनाने वाली कंपनी की आंतरिक समीक्षा के बाद किया गया। एक अलग तरह की गतिविधि का पता सीईआरटी-इन ने अपनी खतरा तलाशने की प्रक्रिया के दौरान लगाया।

उपकरणों को लगातार नए रूप में तैयार किया जा रहा

एजेंसी ने कहा कि इन उपकरणों को लगातार नए रूप में तैयार कर दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे कई उपकरणों की तैनाती विभिन्न देशों के सर्वरों पर देखी गई है। सीईआरटी-इन के अनुसार, इस अभियान में एआई एजेंट आधारित उपकरणों ने शुरुआती पहुंच हासिल करने और अंतिम नुकसान पहुंचाने के बीच का समय कई दिनों से घटाकर कुछ घंटों तक कर दिया।

शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान के 38 शोधकर्ता शामिल



भुवनेश्वर। अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और डच एकेडमिक पब्लिशिंग व इंफॉर्मेशन एनालिटिक्स कंपनी 'एल्सेवियर' (एल्सेवियर) द्वारा तैयार की गई 2026 के लिए दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (शिक्षा 'ओ' अनुसंधान) के 38 शोधकर्ताओं ने जगह बनाई है।स्टैनफोर्ड की शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की यह सूची दो श्रेणियों में शोधकर्ताओं पर केंद्रित है - 'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' (पूरे करियर का प्रभाव) और 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' (हाल के एक वर्ष का प्रभाव)। शिक्षा ओ अनुसंधान से चुने गए 38 शोधकर्ताओं में से 35 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' सूची में हैं, जबकि 20 'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' सूची में शामिल हैं। जहाँ 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' सूची पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान साइटेशन (उद्धरण) प्रभाव को मापती है, वहीं 'करियर-लॉन्ग' सूची जीवन भर या लंबे समय तक रहे विद्वतापूर्ण प्रभाव को दर्शाती है। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान की इस सूची में इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों से 27 शोधकर्ता शामिल हैं, जो यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी संकाय - 'इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च' आईटीईआर) - और इससे जुड़े शोध संस्थानों में काम करते हैं।

एनएमडीसी सतर्कता कार्यक्रम में एनएसएल पोर्टल, तिमाही प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ



हैदराबाद। एनएमडीसी के सतर्कता विभाग द्वारा शुक्रवार को हैदराबाद में आयोजित एक क्षमता-निर्माण कार्यक्रम में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के लिए एक सतर्कता पोर्टल, कर्मचारी आवास के लिए एक ऑनलाइन तिमाही प्रबंधन प्रणाली और एनएमडीसी सतर्कता मैनुअल, 2026 के दूसरे संस्करण का अनावरण किया गया। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में पारदर्शिता, जवाबदेही और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना था। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सतर्कता आयुक्त प्रवीण वशिष्ठ ने ईमानदार अधिकारियों की रक्षा करते हुए सुव्यवस्थित सतर्कता दिशानिर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जोखिम-आधारित निरीक्षण, प्रणालीगत सुधार और समय पर जांच के माध्यम से निवारक सतर्कता में मुख्य सतर्कता अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

वीआईटी पूर्व छात्र संघ का उद्घाटन



इंदौर। हाल ही में, आईआईटी इंदौर के रजिस्ट्रार सिबा प्रसाद होता ने वीआईटी के पूर्व छात्र संघ (वीआईटीएए) के इंदौर चैप्टर का उद्घाटन किया। यह वीआईटीएए का 65वां चैप्टर है। वीआईटी के संस्थापक और चांसलर डॉ.जी.विश्वनाथन ने इंदौर चैप्टर को वीआईटी के महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक बताया। इस उद्घाटन समारोह में सीबीआई के पूर्व निदेशक और वीआईटी भोपाल के वर्तमान सलाहकार श्री ऋषि शुक्ला, वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर विश्वनाथन, श्रीमती रमानी बालसुंदरम, वीआईटी भोपाल के कुलपति (वाइस चांसलर) डॉ. प्रो. सतीश कुमार मोध, वीआईटी भोपाल के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. श्रीधरन टी.बी., वीआईटीएए के निदेशक डॉ. कार्तिकेयन शिवषणमुगम और वीआईटीएए के सहायक निदेशक डॉ. भाग्यवीरेश्वरन भी मौजूद थे। इस उद्घाटन कार्यक्रम में 100 से अधिक पूर्व छात्र अपने परिवारों के साथ यहाँ एकत्रित हुए और उन्होंने अपने शिक्षण संस्थान (अल्मा मेटर) में बिताए अपने पसंदीदा पलों को याद किया।

आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 414 अंक मजबूत

मुंबई (एजेंसी)। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी और वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 414 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में करीब 149 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 413.66 अंक बढ़कर 74,729.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 463.17 अंक चढ़कर 74,778.78 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 148.80 अंक बढ़कर 23,146.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 8.45 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 32.74 प्रतिशत बढ़कर 1,585.6 करोड़ रुपये रहने की सूचना दी थी। इसके अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और एचसीएलटेक के शेयरों में भी तेजी रही।

मार्केट न्यूज

नय्यी नवेली' में बुराई पर वार, डा. ऑर्थो के साथ दर्द पर प्रहार

फिल्म नय्यी नवेली व आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो ऑयल की विशेष ब्रांड साझेदारी



चंडीगढ़। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी फिल्म 'नय्यी नवेली' एक नई दुल्हन मोहिनी की कहानी है, जो एक उथल-पुथल भरे परिवार में आकर सब कुछ बदल देती है। लेकिन जल्द ही उसके देवर को शक होने लगता है कि मोहिनी कोई आम इंसान नहीं, बल्कि किसी अलौकिक शक्ति या डायन का रूप है। फिल्म में यामी गौतम मोहिनी की मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के प्रमोशन के दौरान यामी गौतम ने कहा कि एक बार फिर होगी बुराई पर अच्छाई की जीत, क्योंकि जीत के लिए हर मुश्किल का सामना करना जरूरी है। जैसे डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक ऑयल लड़ता है जोड़ों के दर्द से। डा. ऑर्थो देता है दर्द से राहत और बेहतर जिंदगी का भरोसा। डा. ऑर्थो, अब दर्द भी घुटने टेकेगा।

वहीं, फिल्म की सफलता की कामना करते हुए एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा संजीव जुनेजा ने कहा कि अच्छाई और बुराई के बीच संघर्ष को दर्शाने वाली कहानिय हमेशा दर्शकों को आकर्षित करती हैं। ऐसी कहानियां यह संदेश देती हैं कि मुश्किलें कितनी भी बड़ी क्यों न हों, हिम्मत और विश्वास के साथ उनका सामना किया ज सकता है। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए इसकी शानदा सफलता की कामना की। इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया वि डा. ऑर्थो तेल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा है। आज भारतवर्ष में लगभग हर घ में डा. ऑर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट अवश्य मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बा है। उन्होंने कहा कि डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है। इतन ही नहीं, डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल के साथ-साथ, स्ट्रांग तेल, कैप्सूल, आइंटमेंट बाम, स्प्रे, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर प्रीमियम सर्वाइकल पिल्लो, मैटरस आदि भी बाजार में उपलब्ध है।

पीएनबी के लाभ में 13 फीसदी का आया उछाल

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 5,532 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 4,904 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना, चांदी के भाव स्थिर

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने और चांदी के भाव स्थिर रहे, जिससे उतार-चढ़ाव भरे सप्ताह के बाद मामूली राहत मिली। हालांकि, मजबूत होते रुपये ने बहुमूल्य धातुओं में सुधार की गुंजाइश को सीमित कर दिया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार सभी करों सहित 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। चांदी भी 2.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। स्थानीय बाजार में इस सप्ताह के दौरान सोने की कीमतों में 4,500 रुपये यानी तीन प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि चांदी के दाम में 13,500 रुपये यानी छह प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। डिजिटल मंच जियोटस डॉट कॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम सुब्बुराज ने कहा कि बहुमूल्य धातुओं ने सोने के 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के 2.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम की ओर फिसलने के बाद नुकसान की भरपाई करने का प्रयास किया।

एशियन फुटवियर ने सेल्सफोर्स के साथ पार्टनरशिप की

नई दिल्ली। 2026: नं. 1 एजेंटिक सीआरएम, सेल्सफोर्स और भारत के प्रमुख फुटवियर ब्रांड्स में से एक एशियन फुटवियर ने पार्टनरशिप की है। इस पार्टनरशिप का उद्देश्य फिजिकल और डिजिटल चैनलों द्वारा मिले कस्टमर डेटा को एक जगह लाना तथा ज्यादा व्यक्तिगत, ए.आई-संचालित जुड़ाव का आधार तैयार करना है। यह पार्टनरशिप एशियन फुटवियर को एजेंटिक एंटरप्राईज बनने का अपना लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेगी। देश में एशियन फुटवियर के 100 से अधिक एक्सक्लुसिव ब्रांड आउटलेट और 30,000 से अधिक रिटेल पार्टनर हैं। आशीष प्रकाश, सीटीओ, एशियन फुटवियर ने कहा एशियन फुटवियर में टेक्नोलॉजी केवल हमारे बिजनेस को चलाने के लिए इस्तेमाल नहीं होती है, बल्कि यह हमारे बिजनेस को खड़ा करने और उसका विस्तार करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे चढ़कर 94.92 पर

मुंबई (भाषा)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ। यह सात पैसे की बढ़त के साथ 94.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के हाजिर बाजार में डॉलर की मांग रोकने के लिए उठाए गए कदमों से रुपये में तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित किया।

मशोबरा में 9.5 करोड़ से शुरू होंगे लग्जरी विला, मिलेंगी वेलनेस सुविधाएं

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मशोबरा में हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ने लग्जरी विला प्रोजेक्ट 'द रिज' लॉन्च किया है। शिमला से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित इस परियोजना में 3 और 4 बीएचके विला बनाए जाएंगे। इनकी शुरुआती कीमत 9.5 करोड़ रुपये रखी गई है।करीब 7,000 फीट की ऊंचाई पर 11.5 एकड़ में फैला यह प्रोजेक्ट देवदार के जंगलों से घिरा है। यहां से घरशी घाटी के नजारे दिखाई देंगे। परियोजना में रहने के साथ स्वास्थ्य और आराम से जुड़ी सुविधाओं पर भी जोर दिया गया है।25,000 वर्ग फुट से बड़े क्लब हाउस में इनडोर स्विमिंग पूल, फिटनेस सेंटर, रेस्तरां, इनडोर स्पोर्ट्स और वेलनेस सुविधाएं होंगी। परिसर में फलों के बगीचे, पैदल चलने के रास्ते और योग व ध्यान के लिए जगह भी बनाई जाएगी।एवावो वेलनेस के साथ साझेदारी में क्रायोथेरेपी, रेड लाइट थेरेपी और हाइपरबैरिक ऑक्सीजन थेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। वहीं, एवरली होटल्स एंड रिसॉर्ट्स विला प्रबंधन, निजी डाइनिंग और मेहमानों की देखभाल से जुड़ी सेवाएं संभालेगा।कंपनी के अनुसार, परियोजना की योजना आईआईटी रुड़की के मार्गदर्शन में तैयार की गई है।

चार टीमों को मिले 2 करोड़, छोटे शहरों के आइडिया भी छाए

नई दिल्ली। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2026 प्रतियोगिता में चार टीमों ने कुल 2 करोड़ रुपये की इन्क्यूबेशन ग्रांट जीती है। सैमसंग इंडिया की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों के 648 शहरों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विजेता टीमों को अपने तकनीक आधारित समाधानों को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन और सहायता भी मिलेगी।विजेता टीमों में उत्तर प्रदेश के रायबरेली की क्वांटहंट, छत्तीसगढ़ के रायपुर की मॉर्फिज्म, नई दिल्ली की इनोबोटिक्स और तेलंगाना के हैदराबाद की सोमाट्रेस शामिल हैं। इन्हें आईआईटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में मार्गदर्शन और इन्क्यूबेशन सहायता मिलेगी।चारों टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में समाधान तैयार किए हैं। क्वांटहंट ने साइबर सुरक्षा, मॉर्फिज्म ने ऑटिज्म से जुड़े लोगों को भावनाएं समझने में मदद, इनोबोटिक्स ने वन्यजीवों की गतिविधियों से समय रहते चेतावनी देने और सोमाट्रेस ने खिलाड़ियों की रीढ़ पर पड़ने वाले दबाव की निगरानी के लिए तकनीक विकसित की है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) शालू, पुत्रीः महावीर, 2) संजना, पुत्रीः महावीर, पताः म.नं. सी–151, हरिजन बस्ती, डबल स्टोरी, बाल्मीकि मंदिर के पास, टैगोर गार्डन एक्सटेंशन, नई दिल्ली** ने **FIR No. 82/2023, U/s 498A/406/34 IPC, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) शालू, 2) संजना** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) शालू, 2) संजना** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 82/2023, U/s 498A/406/34 IPC, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **1) शालू, 2) संजना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार – सुश्री कनिका हांडा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट)–02
DP/14856/SE/2026 **कमरा नं. 507, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी वजीर, पुत्रः** साजन सिंह, **पताः** ए–146 हरिजन बस्ती पताशे वाली गली बवाना, दिल्ली **FIR No. 98/24, U/S: 25 Arms Act, थानाः बेगमपुर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वजीर,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वजीर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **वजीर, FIR No. 98/24, U/S: 25 Arms Act, थानाः बेगमपुर, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**
अनुराधा जिन्दल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर–पश्चिम कोर्ट नंबर 101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/14143/RD/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

